yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 172 ● कटनी ● सोमवार, 24 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

“एक बेहतरीन इंसान अपनी जुबान और कर्मों से ही पहचाना जाता है,वरना अच्छी बातें झ्र तो दीवारों पर भी लिखी होती हैं।”



मंत्रालय की अनुमति.... पेज 7

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान
24.8 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
30. डिसे
बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### सिवनी जिले में खेत के तालाब में नहाने गए चार मासूम बच्चों की डूबने से मौत

सिवनी ● यशभारत
yashbharat.co.in

जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर कुरई थाना अंतर्गत धोबीसर्रा गांव में रविवार शाम घर से कुछ दूर खेत में बने तालाब (डोबरी) में नहाने के दौरान चार मासूम बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक धोबसर्रा गांव के आसपड़ोस में रहने वाले चारों बच्चे खेलते- खेलते नहाने के लिए शाम करीब 4 बजे एक किसान खेत में बने तालाब पर गए थे। अच्छी वर्षा के कारण तालाब में 10 फीट तक पानी भरा था, जहां गहरे पानी में डूबने से चारों बच्चों की जल समाधि हो गई।

### टैंकर और बाइक की भिड़ंत में दो छात्रों की मौत, एक घायल

रतलाम ● ईएमएस
yashbharat.co.in

महू-नीमच रोड पर कृषि मंडी से कुछ दूरी पर टैंकर व बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे बाइक पर सवार दो छात्रों की मौत हो गई तथा उनकी एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।जानकारी के अनुसार एक निजी स्कूल में कक्षा ग्यारवी में अध्ययनरत 18 वर्षीय आयुष पाटीदार पुत्र मुकेश पाटीदार निवासी ग्राम लुनेरा थाना बिलपांक, 17 वर्षीय विनायक राठौर पुत्र भरतलाल राठौर व 19 वर्षीय वैभव पंवार पुत्र बबलू पंवार दोनों निवासी ग्राम धराड़ (बिलपांक) सैलाना के पास स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन करने के लिए गए थे। वे तीनों बाइक पर वापस अपने घरों को लौट रहे थे,रविवार शाम करीब पौने छह बजे कृषि मंडी से कुछ दूर एक निजी अस्पताल के पास टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल भिजवााया, लेकिन तब तक आयुष की मृत्यु हो चुकी थी।वैभव व विनायक को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद विनायक ने दम तोड़ दिया।

### पोर्ट सूडान हवाईअड्डे पर विमान दुर्घटनाग्रस्त, नौ लोगों की मौत

काहिरा ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पोर्ट सूडान हवाई अड्डे पर रविवार को एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में चार सैन्यकर्मियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। सूडानी सेना ने रविवार को कहा कि तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ। सेना ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना में एक बच्ची की जान बच गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूडान की सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच 15 अप्रैल को शुरू हुए युद्ध ने रविवार को 100 दिन पूरे कर लिए और दारफुर क्षेत्र में रॉकेट हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए।

### 50 दिन में 21 आतंकियों का हुआ सफाया

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और देश के सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ बढ़ गई है. हाल ही में दो दिन के अंदर पुंछ जिले में 6 आतंकियों को सेना ने ढेर कर दिया था. एक रिपोर्ट के मुताबिक जून और जुलाई का महीना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के लिए सबसे घातक रहा है. क्योंकि 1 जून से 20 जुलाई के बीच सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 21 आतंकवादियों को ढेर कर दिया. वहीं इस साल जनवरी से मई तक में सेना ने 14 आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। हालांकि जनवरी से अप्रैल के बीच जम्मू-कश्मीर में मारे गए आतंकवादियों की संख्या काफी कम थी. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी में 4 आतंकवादी मारे गए थ।फरवरी में तीन, मार्च में एक और अप्रैल में आतंकवादियों के मरने का आंकड़ा शून्य रहा. वहीं मई में छह आतंकवादी ढेर हो गए।

ज्ञानवापी परिसर का सर्वे ,मुस्लिम पक्ष ने बनाई दूरी

# सुको का केंद्र को निर्देश- मस्जिद में किसी तरह की खुदाई न हो

वाराणसी ● एजेंसी
yashbharat.co.in



### परिसर में लगे पत्थर और ईंट की हाइट नापी

ASI की 4 टीमें परिसर को 4 हिस्सों में बांट कर अलग-अलग सर्वे कर रही हैं। परिसर में लगे पत्थर और ईंट की हाइट नापी गई। नींव के पास से मिट्टी का सैंपल लिया गया। चारों ओर की दीवारों की फोटो-वीडियोग्राफी की गई। सीढ़ियों पर लगे पत्थर के सैंपल लिए गए।

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे के बीच सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई को अहम बात कही। शीर्ष कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को यह स्पष्ट तौर पर बताने को कहा कि मस्जिद स्थल पर कोई खुदाई नहीं की जाए। सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई आज दोपहर 2 बजे करनो को तैयार हो गया है।

वहीं, वाराणसी में ASI ने 24 जुलाई को ज्ञानवापी का सर्वे शुरू कर दिया। सील वजूस्थल को छोड़कर पूरे परिसर का सर्वे हो रहा है। शुरुआती 3 घंटे के सर्वे में फीता लेकर पूरे परिसर को नापा गया। 4 स्टैंड कैमरे परिसर के चारों कोने पर लगाए गए हैं। उसमें एक-एक एक्टिविटी रिकॉर्ड की जा रही है। तहखाने में अंधेरा ज्यादा होने से सर्वे में दिक्कत हुई। टार्च और अन्य लाइट की रोशनी कम पड़ गई। उधर, मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का बहिष्कार किया है। वह सर्वे के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में याचिका को लेकर सुनवाई हुई। ASI टीम अब ज्ञानवापी के सभी कमरों और बरामदे की फोटो-वीडियो ग्राफी की जा रही है। 30 सदस्यीय ASI टीम सोमवार सुबह 6.30 बजे ज्ञानवापी पहुंच गई थी। 7 बजे से सर्वे शुरू कर दिया था। सर्वे और सावन के सोमवार को देखते हुए वाराणसी को हाईअलर्ट पर रखा गया है। परिसर के बाहर और आसपास 2,000 से ज्यादा जवान तैनात हैं। रविवार रात दिल्ली, पटना और आगरा से ASI की टीम वाराणसी पहुंची। यहां DM, कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक की। इसके बाद सोमवार सुबह से सर्वे पर सहमति बनी। प्रशासन ने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों और उनके वकीलों को बुलाया। हिंदू पक्ष ने सर्वे में सहयोग की बात कही।



मानसून सत्र का आज तीसरा दिन

### संसद में मणिपुर-राजस्थान को लेकर जमकर हंगामा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

राजस्थान के भाजपा सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में गहलोत सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। सांसदों ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर राज्य सरकार को घेरा। सांसदों ने संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष खासा हमलावर रुख अपनाए हुए है। विपक्षी सांसदों ने सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले मणिपुर की घटना को लेकर धरना प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री से घटना को लेकर संसद में बयान देने की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर पर बयान दें। सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गई है लेकिन विपक्ष प्रधानमंत्री के बयान की मांग पर अड़ा है।



# महिलाओं की भीड़ ने घरों स्कूलों में लगाई आग

इंफाल ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मणिपुर में हिंसा की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामले में महिलाओं की एक भीड़ ने खाली छोड़े गए घरों और स्कूलों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग और बम विस्फोट भी किए गए। भीड़ ने बीएसएफ के वाहन को भी छीनने की कोशिश की। घटना चुराचांद पुर जिले के तोरबंग बाजार की है। पुलिस ने बताया कि लोगों की भीड़ ने, जिसका नेतृत्व सैकड़ों महिलाएं कर रहीं थी, कम से कम 10 घरों में आग लगा दी। भीड़ की तरफ से इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई और देसी बमों से विस्फोट किए गए। भीड़ ने तोरबंग बाजार स्थित चिल्ड्रेन ट्रेजर हाई स्कूल को भी आग के हवाले कर दिया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि सैकड़ों महिलाओं के नेतृत्व में लोगों की भीड़ ने हमले किए। महिलाओं को ढाल की तरह इस्तेमाल किया गया था। भीड़ ने बीएसएफ के जवानों से वाहन छीनने की कोशिश की लेकिन जवानों और स्थानीय लोगों ने फायरिंग कर भीड़ के प्रयास को विफल कर दिया।

### मणिपुर घटना में RSS नेता ने दर्ज कराई शिकायत

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया गया है, जिसमें मणिपुर में बीते दिनों दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरएसएस पदाधिकारी और उनके बेटे के शामिल होने का आरोप लगाया गया था। पीड़ति आरएसएस पदाधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

महाराष्ट्र-गुजरात में आसमान से बरस रही तबाही

# विदर्भ में 19 की मौत, जूनागढ़ में 3000 लोग फंसे,पंजाब के घरों में घुसा पानी

नागपुर ● एजेंसी
yashbharat.co.in



महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र पिछले कई दिनों से भारी बारिश का कहर झेल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि रविवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों के दौरान अकोला में 107.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश से विदर्भ का अमरावती डिवीजन ज्यादा प्रभावित है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य भारी बारिश से उपजे हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से पिछले 10 दिनों में 19 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं, 4,500 से ज्यादा घर ध्वस्त हो गए हैं और 54,000 हेक्टेयर फसल को भी नुकसान पहुंचा है। उधर, गुजरात भी बाढ़ से बेहाल है। जूनागढ़ में रविवार सुबह 241 मिलीमीटर बारिश के बाद हर तरफ सैलाब की स्थिति है। 3000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। उधर, अहमदाबाद स्थित सरदार बल्लभभाई एयरपोर्ट पर रनवे से लेकर पार्किंग तक हर तरफ पानी ही भरा नजर आया।अधिकारियों ने बताया कि बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण 13 जुलाई के बाद से गढ़चिरौली और भंडारा जिलों में तीन-तीन मौतें हुई हैं, वर्धा और गोंदिया में दो-दो और चंद्रपुर में एक व्यक्ति की जान गई है। वहीं यवतमाल में तीन लोगों और अकोला और बुलढाणा में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। राज्य के राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने रविवार को यवतमाल का दौरा कर हालात की समीक्षा की।



# पुतिन के गढ़ में हमला!

मास्को ● एजेंसी
yashbharat.co.in

रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनातनी और तेज होती दिख रही है. मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने सोमवार तड़के दावा किया कि रात में रूसी राजधानी में 'ड्रोन हमलों' ने दो गैर-आवासीय इमारतों को निशाना बनाया है. उन्होंने कहा कि 'आज सुबह लगभग 4 बजे , दो गैर-आवासीय इमारतों पर ड्रोन हमलों की सूचना मिली है. कोई गंभीर विनाश या हताहत नहीं हुआ है.'। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार, एक ड्रोन रूस के रक्षा मंत्रालय के करीब कोम्सोमोल्स्की प्रॉस्पेक्ट पर गिरा. जबकि दूसरा लिकचेवा स्ट्रीट पर एक व्यापार केंद्र पर गिरा. इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी किया और कहा कि दो यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया है. साथ ही बयान में कहा गया है कि यह यूक्रेन द्वारा रूसी राजधानी पर एक आतंकवादी कृत्य था. रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा 'मास्को शहर के क्षेत्र में दो ड्रोनों का उपयोग करके आतंकवादी कार्रवाई को अंजाम देने की यूक्रेन शासन की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है।

फेसबुक पर हुआ प्यार

# प्रेमी से मिलने पाकिस्तान पहुंची दो बच्चों की मां अंजू, हो गया निकाह

जयपुर ● ईएमएस
yashbharat.co.in



भारत में जहां सीमा हैदर की सब दूर चर्चा है, जिसने कथित तौर पर प्यार में पड़कर अपने चार बच्चे के साथ सीमा पार की और पाकिस्तान से भारत आ गई, वहीं एक भारतीय महिला अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने लाहौर चली गई है।महिला राजस्थान के भिवाड़ी जिले की रहने वाली है। उसका नाम अंजू है। शादीशुदा है। अपनी पति अरविंद को यह कहकर घर से निकली थी कि जयपुर जा रही है, लेकिन अब पति को पता चला कि वह लाहौर में है। वीजा का मुताबिक, वह 30 दिन पाकिस्तान में रह सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, अंजू ने निकाह कर लिया है।अरविंद ने पुलिस को बताया कि अंजू पाकिस्तान शख्स से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में थी। रविवार शाम करीब 4 बजे अंजू का फोन आया और उसने बताया कि वह लाहौर में है और दो-तीन दिन में वापस आ जाएगी।अरविंद को अंजू के पाकिस्तान में कथित प्रेमी के बारे में पता था। अब उसे उम्मीद है कि पत्नी वापस आ जाएगी।अरविंद भिवाड़ी में काम करता है और अंजू भी एक निजी फर्म में बायोडाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है।अरविंद के मुताबिक, अंजू ने 2020 में अपना पासपोर्ट बनवाया था, क्योंकि वह विदेश में नौकरी के लिए आवेदन करना चाहती थीं।अरविंद और अंजू के दो बच्चे हैं। अरविंद के साथ रहने के लिए अंजू ने ईसाई धर्म अपनाया था और शादी कर ली थी।अरविंद अपनी पत्नी और बच्चों और अंजू के भाई के साथ भिवाड़ी में एक किराए के फ्लैट में रहता था।अंजू जयपुर जाने के बहाने भिवाड़ी स्थित अपने घर से निकली। इसके बाद वह अपने 29 वर्षीय फेसबुक मित्र नसरुल्लाह से मिलने के लिए पाकिस्तान चली गई।मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाले नसरुल्ला और अंजू कुछ महीने पहले फेसबुक पर दोस्त बने थे। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, च्पाकिस्तान में अंजू को रोका गया था।

# तस्करी के जरिए जुटाई थीं 30 करोड़ कीमत की तीस से ज्यादा घड़ियां

कोलकाता ● एजेंसी
yashbharat.co.in



कोलकाता में एक व्यक्ति के घर से 30 से ज्यादा लग्जरी ब्रांड वाली घड़ियां बरामद हुई हैं। इन घड़ियों की कीमत 30 करोड़ रुपए से भी ज्यादा बताई जा रही है। मुंबई जोन की राजस्व खूफिया निदेशालय की टीम ने यह छापेमारी की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्ति बिना सीमा शुल्क चुकाए ही घड़ियों की तस्करी कर रहा था। खूफिया सूचना के आधार पर राजस्व खूफिया निदेशालय ने यह कार्रवाई की। राजस्व खूफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सूचना के आधार पर कोलकाता में एक घर पर छापा मारा, जहां उन्हें 30 से ज्यादा लग्जरी ब्रांड की घड़ियां मिली। डीआरआई को पता चला था कि आरोपी विदेश से लौटा है और अपने साथ तस्करी कर कई लग्जरी घड़ियां लेकर आया है। इस पर डीआरआई की टीम ने आरोपी को कोलकाता एयरपोर्ट पर ही दबोच लिया। आरोपी सिंगापुर से लौटा था। आरोपी के पास से डीआरआई ने ग्रुबेल फोर्से घड़ी बरामद की, जिसकी जानकारी उसने कस्टम विभाग को नहीं दी थी। इसके बाद डीआरआई ने आरोपी से पूछताछ की और पूछताछ के आधार पर आरोपी के घर पर छापेमारी कर 30 से ज्यादा और लग्जरी घड़ियां बरामद की।


### रफ्तार का कहर, नहर में गिरी कार; एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**एटा ,ईएमएस।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। एक कार बेबर बैराज नहर में गिर गई, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला।बताया गया है कि कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव अंडुआ निवासी कुछ लोग महिला का इलाज कराने के लिए एटा लेकर आ रहे थे, तभी काली नदी का पुल पार करने के बाद तीव्र मो? पर कारअनियंत्रित होकर बेबर बैरज नहर में गिर गई। सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व राहगीरों की सहायता से गाड़ी में फंसे लोगों को निकाला गया। सभी को तत्काल ही एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# ग्रीस के कई जंगलों में लगी भीषण आग

## जान बचाने के लिए भाग रहे पर्यटक, सबसे बड़ा निकासी अभियान जारी

ग्रीस ● एजेंसी
yashbharat.co.in





ग्रीस में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसकी वजह से यहां के जंगल आग की चपेट में आते जा रहे हैं। इससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आग ने इतना भीषण रूप ले लिया है कि तमाम रिहायशी इलाके भी चपेट में आ गए हैं। हजारों लोग रोड्स द्वीप छोड़कर चले गए हैं। वहीं, पर्यटक आग से बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।दरअसल, इन दिनों ग्रीस में अधिक संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं। ऐसे में जंगल में लगी आग लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। रोड्स से जैसे-तैसे पर्यटक निकलकर घर जाने के लिए संघर्ष कर रहे थे कि इस बीच एक और जगह आग लग गई। लोकप्रिय यूनानी द्वीप कोर्फू के जंगल में आग लगने की सूचना मिली है। रोड्स के जंगल में लगी आग पर काबू पाने व लोगों को वहां से सुरक्षित निकालने के लिए दमकल कर्मचारी लगे हुए है। भूमि और समुद्र के रास्ते से निकासी जारी है। ऐसे में कहा जा रहा है कि ग्रीस में पहली बार हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को जंगल की आग की वजह से अपना घर छोड़ना पड़ा है। बता दें, रोड्स ग्रीस की सबसे लोकप्रिय जगह मानी जाती है, जहां ब्रिटेन, जर्मन और फ्रांस के लोग अपनी छुट्टियां बिताने आते हैं। अन्य यूनानी द्वीप पर भी आग लगने की घटना सामने आ रही है। मध्य ग्रीस के पूर्वी तट पर स्थित ग्रीस के दूसरे सबसे बड़े द्वीप इविया के जंगल में आग लग गई है। लोगों को बचाने के लिए क्रोएशिया, फ्रांस, स्लोवाकिया और तुर्की भी सहायता कर रहे हैं।ग्रीस के विदेश मंत्रालय और दूतावासों ने पर्यटकों की मदद के लिए रोड्स हवाई अड्डे पर एक स्टेशन स्थापित किया।

### ओवल ऑफिस में बाइडन-मोदी की गुप्त बैठक में चीन था मुख्य मुद्दा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन की पिछले महीने हुई गुप्त मुलाकात को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि ओवल कार्यालय में बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने चीन और उसके प्रमुख शी जिनपिंग पर सबसे अधिक चर्चा की।नाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि ओवल कार्यालय में हुई बैठक में मोदी और बाइडन के बीच हुई चर्चा का प्रमुख मुद्दा चीन था। दोनों ने अधिकांश समय चीन और शी के साथ उनके अनुभवों के बारे में चर्चा करने में बिताया था। उन्होंने कहा कि दोनों ही लोग शी को लंबे समय से जानते थे और उनके साथ संबंध सुधारने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे थे। हालांकि,अब दोनों नेताओं ने हार मान ली। अधिकारी ने कहा कि चीन हमारे रिश्तों को जोड़ने के लिए जरूरी नहीं है।

अच्छी पहल | मुख्यमंत्री की घोषणा,अब नहीं रहेगा संविदा सेवा शब्द,मिलेगा नया नाम

# जिले से कोई अधिकारी सेवा नहीं कर सकेगा समाप्त

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in



मध्य प्रदेश में अब संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को नया नाम मिलेगा। जिले से कोई अधिकारी संविदाकर्मी की सेवा समाप्त नहीं कर पाएगा। नियमित कर्मचारियों की तरह ही अवकाश की सुविधा मिलेगी। प्रतिवर्ष सेवा का मूल्यांकन करने की व्यवस्था भी नहीं रहेगी। हड़ताल के समय का जो वेतन कटा था, वह भी वापस मिलेगा और कोई प्रकरण भी नहीं चलेगा।

यह आश्वासन रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को भेंट के दौरान दिया। इस दौरान सेवा शर्तों में संशोधन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने संविदा कर्मचारियों की सेवा शर्तों के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसको राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, सुल्तान सिंह शेखावत की अगुआई में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उनका आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूर्व में भी कर्मी कल्चर खत्म करने, अध्यापक पद का सम्मानजनक नाम देने का निर्णय लिया गया था। संविदा कर्मचारियों के जीवन में निश्चिंतता लाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। शर्मा ने बताया कि इस दौरान प्रतिनिधियों ने संविदा के स्थान पर दूसरा नाम, जैसे स्थाई या नियोजित कर्मचारी, रखने के लिए कहा। इस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए कहा कि आप ही विचार करके कोई नाम सुझाएं। हम भी विचार करेंगे। वहीं, दिशानिर्देश में नियमित कर्मचारियों की तरह ही अवकाश की सुविधा और सेवा के मूल्यांकन की व्यवस्था समाप्त करने संबंधी स्पष्टता न होने को लेकर अपनी बात रखी।

इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि नियमित कर्मचारी की तरह ही अवकाश की सुविधा मिलेगी। नवीनीकरण के लिए मूल्यांकन जैसी व्यवस्था नहीं रहेगी। जिले से कोई अधिकारी सेवा समाप्त नहीं कर सकेगा। कोई प्रकरण होने पर कर्मचारियों के लिए जांच आदि की जो व्यवस्था है, वही रहेगी। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता देने और जो उपयंत्री वरिष्ठ संविदा कर्मी हो चुके हैं, उन्हें निर्माण विभागों में सहायक यंत्री का प्रभार नहीं देने की बात रखी गई। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, तकनीकी कर्मचारियों की समस्या का भी समाधान होगा। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप ही दिशानिर्देश होंगे। इसको लेकर संशोधन किया जाएगा।

### प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित हो

संविदा कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से यह मांग भी की कि योजना या परियोजना के बंद होने पर अन्य विभागों में प्रतिनियुक्त की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। 50 प्रतिशत नियमित पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो।

# इंडोनेशिया में डूबी नाव, 40 लोग थे सवार, 15 की मौत

जकार्ता ● यशभारत
yashbharat.co.in



इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के करीब सोमवार सुबह यात्रियों से भरी एक नाव डूब गई। अधिकारियों के मुताबिक, इस फेरी में कुल 40 लोग सवार थे। इनमें से 15 की मौत की पुष्टि हुई है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। इंडोनेशिया की रेस्क्यू एजेंसी ने बताया कि फेरी में सवार 19 लोग अभी भी लापता हैं। छह लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। फिलहाल फेरी के डूबने का कारण साफ नहीं है। खोजी और बचाव एजेंसी के अधिकारी मोहम्मद अराफह ने कहा कि सभी मृतकों की पहचान हो गई है और उनके शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, बचाए गए लोगों को स्थानीय अस्पताल में रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्री इस नाव से दक्षिण-पूर्व सुलावेसी प्रांत की राजधानी केंदारी से 200 किलोमीटर दूर मुना द्वीप की खाड़ी पार कर रहे थे। गौरतलब है कि इंडोनेशिया में फेरी परिवहन का अहम जरिया हैं। खासकर देश के 17 हजार द्वीपों के बीच सफर के लिए यह सबसे अहम है। हालांकि, सुरक्षा मानकों की कमी के चलते इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं काफी आम हैं।



कटनी, जबलपुर, मण्डला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# बरही में आदिवासी का ट्रेक्टर खा गया एजेंसी संचालक

**धोखाधड़ी**

## धोखाधड़ी का शिकार हुआ करौंदी के आदिवासी दंपत्ति, ट्रेक्टर खरीदी में बेखौफ गफलत

- एजेंसी संचालक और उसके 2 एजेंटों का कारनामा
- रुपए जमा करने के बाद भी ट्रेक्टर नही दे रहा एजेंसी संचालक
- ट्रेक्टर फाइनेंस भी हुआए दबाब डालकर किस्त भी जमा कराई
- बरही में संचालित सिया इन्टरप्राइजेज का कारनामा
- ट्रेक्टर पाने 4 माह से भटक रहा पीड़ित आदिवासी दंपत्ति

बरही,यशभारत। मध्यप्रदेश में आदिवासियों के साथ अत्याचार थमने का नाम नही ले रहा है। ट्रेक्टर खरीदी के नाम पर इस बार आदिवासी दंपत्ति से धोखधड़ी करने का मामला कटनी के बरही से प्रकाश में आया है। रुपए व किस्त जमा करने के बाद भी 4 माह से पीड़ित आदिवासी दंपत्ति को ट्रेक्टर नही मिल रहा है। एजेंसी संचालक और उसके एजेंट मिलकर ट्रेक्टर को ही डकार गए। बरही के करौदीकला कुदरा टोला निवासी पीड़ित आदिवासी राजेश सिंह गौड़ अपनी पत्नी रानी सिंह के साथ न्याय की आस के लिए थाने का चक्कर काटते हुए थक चुका हैए लेकिन उसकी सुनवाई होना तो दूर उन्हें दुत्कार मिल रही है। पीड़ित आदिवासी दंपत्ति ने बरही में संचालित ट्रेक्टर एजेंसी सिया इंटरप्राइजेज से डेढ़ लाख रूप जमाकर 3 माह पूर्व ट्रेक्टर फाइनेंस कराया था। एजेंसी संचालक और उसके 2 एजेंट ट्रेक्टर लेकर पीड़ित के घर पहुँचे थे। फोटो सेशन कराया और यह कहकर ट्रेक्टर वापस ले गए कि अभी इसका काम अधूरा है। तब से अब तक पीड़ित-प्रताड़ित आदिवासी दंपत्ति अपना ट्रेक्टर पाने के लिए भटक रहे है, लेकिन उनकी कही भी सुनवाई नही हो रही है। हद तो यह भी हो गई कि अभी तक उन्हें ट्रेक्टर मिला भी नही और दबाब डालकर 17 जुलाई को 74 हजार 100 रुपए की किस्त भी महिंद्रा फाइनेंस द्वारा जमा करा ली गई।

### फोटो सेशन करा आधा घण्टे में वापस ले गए ट्रेक्टर

बरही पुलिस के नाम दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित राजेश सिंह गौड़ का आरोप है कि सिया इंटरप्राइजेज के एजेंट बद्री सेन, राजेश दाहिया के माध्यम से बरही स्थित सिया इंटरप्राइजेज ट्रेक्टर एजेंसी से स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक 735FEE महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंसियल सर्विस से ट्रेक्टर 15 अप्रैल 2023 को फाइनेंस कराया। एजेंसी में डाउन पेमेंट 1 लाख 50 हजार जमा किए जिसकी रसीद बाद में देने के लिए बोला गया। उसी दिन एजेंट बद्री सेन, राजेश दाहियाए कमलकांत व एजेंसी मालिक धीरेंद्र पांडेय ट्रेक्टर लेकर पीड़ित के घर पहुँचे और फोटो खिंचवाने के आधे घण्टे बाद ट्रेक्टर के समान छतरी आदि लगाने का बहाना बनाकर वापस ले गए।

### डेढ़ लाख किया जमाए 90 हजार जमा होने का करारनामा

पीड़ित जब अपनी पत्नी के साथ ट्रेक्टर लेने एजेंसी पहुँचा तो वहां मौजूद कमलकांत ने यह कहा कि तुम्हारा ट्रेक्टर कहा है मुझे पता नही। डेढ़ लाख रुपए जमा होने की बात पर महज 92 हजार जमा होने व 10 हजार रुपए बाकी होने की बात कहते हुए सादे कागज में कमलकांत ने हिसाब दिया।



### धमकी देकर जमा करवाई किस्त

पीड़ित ने जिस ट्रेक्टर को खरीदा वह ट्रेक्टर उसे 4 माह बाद भी नही मिला। अब इसी बीच फाइनेंस की किस्त 74 हजार 100 रुपए धमकी देकर गत 17 जुलाई को जमा करा लिए गए। पीड़ित की पत्नी रानी सिंह ने बताया कि जेवर गहन रखकर किस्त के रुपए जमा किए हैए लेकिन ट्रेक्टर एजेंसी संचालक धीरेंद्र पांडेय, कमलकांत व एजेंट बद्री सेन, राजेश दाहिया मिलकर धोखाधड़ी कर रहे है। पीड़ित आदिवासी दंपत्ति खरीदे गए स्वराज ट्रेक्टर को वापस दिलाने की गुहार लगाने के साथ ही धोखाधड़ी कर रहे ट्रेक्टर एजेंसी मालिक व एजेंटो के खिलाफकार्यवाई करने की मांग कर रहा है।

### तहखाने की खबर, लाखन सिंह पर असर

इस पूरे मामले में सूत्र बताते है कि एजेंसी संचालक धीरेंद्र पांडेय ने ट्रेक्टर तो आदिवासी राजेश के नाम फाइनेंस करायाए इसके बाद उसी नियत डोल गईए उसने किसी लाखन सिंह से एग्रीमेंट कर ट्रेक्टर को उसे दे दिया है। सूत्र यह भी बताते है कि लाखन सिंह नामक शख्स भिंडध्मुरैना क्षेत्र का रहने वाला है और वह नल-जल योजना अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का काम कर रहा था, उसका काम यहां से कंप्लीट हो चुका है और वह ट्रैक्टर लेकर जा चुका है। इस पूरे मामले में एजेंसी संचालक ने खेला करते हुए आदिवासी दंपत्ति को लाखन सिंह के साथ खड़े कराकर फोटो सेशन भी कराया था, जिससे आरोप लगने पर एजेंसी संचालक यह कह सके कि पीड़ित आदिवासी दंपत्ति ने खुद ट्रेक्टर लाखन सिंह को दे दिया है। इस पूरे धोखाधड़ी मामले में एजेंसी संचालक की भूमिका पूरी तरह से संदेह के घेरे में है।

### लाखन पर एफआईआर दर्ज कराने दबाव

पीड़ित राजेश सिंह गौड़ व उसकी पत्नी रानी गौड़ का आरोप है कि एजेंसी संचालक धीरेंद्र पांडेय लाखन सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने दबाब भी बना रहा हैए जबकि ट्रेक्टर एजेंसी संचालक ने ही खुर्द-बुर्द किया है।

# 43 छात्रों को पढ़ा रहे 5 मास्टर साहब !

**स्कूल भवन भी खुद का नही**

**विजयराघवगढ़ जनपद के कुटेश्वर माइंस दफाई का मामला**

**बरही,यशभारत।** मध्यप्रदेश का एक ऐसा अनूठा सरकारी स्कूल है, जहां 1 कमरे में 5 मास्टर साहब मिलकर यहां दर्ज 43 बच्चों को तालीम दे रहे है। सबसे खास बात यह है कि इस स्कूल के लिए सरकारी भवन भी नही हैए खैरात के एक कमरे में स्कूल का संचालन हो रहा है और सबसे मजेदार पहलू यह है कि 2 स्कूलों को मर्ज कर एक ही कमरे में संचालन किया जा रहा है। यह सरकारी स्कूल कटनी जिले के विजयराघवगढ़ जनपद शिक्षा केन्द्र के कुटेश्वरा माइंस गैरतलाई की दफाई बस्ती में संचालित हो रहा है।



### अनूठा है दफाई का यह स्कूल

जी हां यह अनूठा स्कूल ईजीएस प्राथमिक शाला दप्ऊाई एवं नई बस्ती प्रथामिक शाला दफाई गैरतलाई स्थित कुटेश्वर माइंस के टाउनशिप के एक क्वाटर में संचालित हो रहा है। जानकारी मुताबिक ईजीएस प्राथमिक शाला दफाई में करीब 17 तो नई बस्ती प्राथमिक शाला दफाई में 26 छात्रों की संख्या दर्ज है। दोनों स्कूलों को मिलाकर कुल 43 छात्रों को यहां पदस्थ 5 शिक्षक नौनिहालों का विकास करने में जुटे है।

### टीन शेड के नीचे स्कूल

यह खबर पढ़कर उन्हें जरूर ताज्जुब होगाए जो यह कहते है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का टोटा हैए जिससे मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चौपट है, अब जबकि 43 दर्ज संख्या वाले इस स्कूल में एक साथ 5 मास्टर साहब अध्यापन कार्य करा रहे है तो शिक्षा का स्तर यहां का पूरे प्रदेश में अव्वल होगा ! खबर है कि 2 दिन पूर्व ही ईजीएस प्राथमिक शाला दफाई का तलाक प्राथमिक शाला नई वस्ती से हो गया हैए जिसके चलते अब ईजीएस शाला दफाई टीन शेड के नीचे लग रही है। बहरहाल उन स्कूलों की ओर भी नजर इनायत की जाए 1 शिक्षक के भरोसे चल रही है। विजयराघवगढ़ जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छैघरा-उबरा, शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरिटोला- धवैया के साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला नाथूतालाब डोकरियाँ में 1.1 शिक्षक ही पदस्थ है, जबकि उबरा में लगभग 23, धवैया में 54, नाथुतालाब में 26 छात्रों की संख्या दर्ज है। अब ऐसी स्थिति में यह सवाल उठना तो लाजमी है कि आखिर द?ाई की एक कमरे वाली 36 बच्चों वाली स्कूल में ऐसा क्या खास है कि एक साथ 5 शिक्षक पदस्थ हैए जिसकी जानकारी क्या जिम्मेदारों को नही है।

# शहर के युवकों की नहीं, दोस्त की चलाई गोली से घायल हुआ है दमोह का युवक

**पुलिस की जांच में सामने आई सच्चाई, खिरहनी फाटक में नहीं भट्टा मोहल्ला में हुई थी वारदात**

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के खिरहनी फाटक क्षेत्र में पथरिया दमोह के युवक पर गोली चलाने के प्रकरण में अब नया मोड़ सामने आ गया है। युवक पर गोली शहर के युवकों ने नहीं बल्कि उसके साथी बदमाश ने मुड़वारा स्टेशन के बाहर भट्टा मोहल्ला के लिए जाने वाले फुट ओवर ब्रिज के पास चलाई थी। युवक के कथन के अनुसार अब पुलिस साथी आरोपी की तलाश में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि दमोह जिले के पथरिया क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय सुरेंद्र जाटव पिता प्रहलाद जाटव शुक्रवार की रात साढ़े 9 बजे के लगभग लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल पहुंचना बताया था। पूछताछ में बताया था कि वह खिरहनी फाटक गांजा लेने गया था। ओवरब्रिज के नीचे कुछ लोग विवाद करने लगे। मना करने पर एक युवक ने फायरिंग कर दी। गोली मेरे दाहिने हाथ में घुस गई है। दोपहर बाद गुमराह करते हुए बताया कि गोली सतना के एक लॉज में एक व्यक्ति ने मारी है। शनिवार को जब पुलिस ने वहां पहुंचकर जांच की तो कोई तथ्य सामने नहीं आए।कोतवाली टीआइ ने बताया कि जब रविवार को सुरेंद्र से पूछताछ की गई तो उसने नई कहानी बताई। बताया कि वह सागर निवासी दोस्त मनु सोनी के साथ सतना गया था। वहां से फिर सागर चला गया। रेवांचल एक्सप्रेस से शुक्रवार-शनिवार की रात फिर कटनी आए। मुड़वारा स्टेशन में उतरकर बाहर घूम रहे थे। भट्टा मोहल्ला के लिए जाने वाले फुट ओवर ब्रिज के पास दोस्त मनु पिस्टल निकालते हुए कहा कि देख मेरे पास पिस्टल है। सुरेंद्र ने कहा कि ऐसे खिलौने मैने बहुत देखे हैं। मजाक मत कर नकली है। मनु बोला चलाकर दिखाऊं और मजाक-मजाक में उसने हाथ में गोली चला दी। जिससे वह घायल हो गया।



### आदतन अपराधी है गोली चलाने वाला साथी

सुरेंद्र ने बताया कि गोली लगने के बाद उसने हाथ में कपड़ा बांधा और मनु के साथ मैहर चला गया। इसके बाद वहां से लौटने लगे। दर्द ज्यादा होने पर कटनी में उतर गए और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। युवक के बताए अनुसार अब पुलिस इस एंगल में जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआइ ने बताया कि मनु सोनी भी आदतन अपराधी है। सागर से वह फरारी काट रहा है।

# कार ने राहगीर को कुचला, मौत, विश्राम बाबा क्षेत्र में दुर्घटना

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत विश्राम बाबा तिराहा में पैदल जा रहे एक युवक को कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार शाम की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत विश्राम बाबा तिराहा के पास पैदल 27 वर्षीय अभिषेक उर्फ शिवम परोहा सड़क पार कर रहा था। माधवनगर की ओर से तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक दूर तक घसिट गया। राहगीर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए आरोपी कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

**शिव भक्तों ने पूरी आस्था से मनाया मलमास के सावन का सोमवार**

# बेहद शुभ योग में सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में भीड़

**जिले भर के शिवमंदिरों में की गई शिव की अराधना**

**कटनी, यशभारत।** आज यानी 24 जुलाई 2023 को सावन का तीसरा सोमवार है। सावन के सभी सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की जाती है। सावन के सोमवार सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाले माने गई हैं। इस दिन लोग मंदिर जाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। सावन सोमवार के दिन व्रत रखकर महादेव की आराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट मिट जाते हैं। इस बार सावन के तीसरे सोमवार को बहुत खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन रवि योग समेत 3 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा इस दिन शिव वास नंदी पर है, जो कि रुद्राभिषेक के लिए बहुत शुभ है।

### सावन के तीसरे सोमवार पर इस विधि से करें पूजा

सावन के तीसरे सोमवार पर सुबह स्नान के बाद व्रत और शिवजी की पूजा का संकल्प लें। सुबह शुभ मुहूर्त में किसी शिव मंदिर में जाकर या घर ही शिवलिंग की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करें।गंगाजल या दूध से शिवजी का अभिषेक करें। इसके बाद भगवान शिव शम्भू को को चंदन, अक्षत, सफेद फूल, बेलपत्र, भांग की पत्तियां,इ? दशमी के पत्ते, धतूरा, भस्म और फूलों की माला अर्पित करें। इसके बाद शिव जी शहद, फल, मिठाई, शक्कर, धूप-दीप अर्पित करें। शिव चालीसा का पाठ और सोमवार व्रत कथा का पाठ करें। आखिर में शिवलिंग के समक्ष घी का दीपक जलाएं और भोलेनाथ की आरती करें।



### शहर और गांव के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। इसी तरह भगवान भोलेनाथ के प्राचीन ऐतिहिसक, अध्यात्मिक और धार्मिक महत्व के क्षेत्र रूपनाथ धाम में भी श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। शहर के मध्य स्थित मधई मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने अभिषेक पूजन किया। मंदिर को आकर्षक विद्युत झालर और फूलों से सजाया गया था। शहर के जालपा मंदिर और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। बहोरीबंद स्थित बाबा रूपनाथ धाम में सोमवार को हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। हजारों साल पुराने ऐतिहासिक मंदिर रूपनाथ धाम में दर्शन मात्र से मानव के समस्त दुख कट जाते है। प्रसिद्ध रूपनाथ धाम, शहर प्रसिद्ध मधई मंदिर सहित बरही के विजयनाथ धाम सहित अन्य स्थानों में पहले सोमवार पूजन के लिए आवश्यक तैयारियां की गई थीं यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बरही के विजयनाथ धाम में में भी विशेष तैयारियां की गई थी। बरही के विजयनाथ धाम शिव मंदिर में भी भगवान के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शहर के मंदिरों में दिन भर अनुष्ठान चलते रहे।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज




21 जुलाई से
रोजाना 5 शो
01.15 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
अजमेर-92
कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज




21 जुलाई से
रोजाना 2 शो
11.00 AM (AUDI-3)
06.45 PM (AUDI-3)
माईनस-31
कलाकार- रूचा ईनामदार, रघुवीर यादव, राजेश शर्मा, संतोष जुवेकर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

# पिता ने आत्महत्या नहीं बल्कि बेटे ने की थी हत्या

**पुलिस जांच में हुआ खुलासा, आरोपी पुत्र गिरफ्तार**

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत निवार में आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस जांच में प्रकरण आत्महत्या की बजाय हत्या का निकला। रविवार को पुलिस ने पिता की हत्या के आरोप में बेटे को गिरफ्तार किया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को निवार निवासी कमलेश कोरी का शव उसके घर में पाया गया था। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर बताया था कि शराब के नशे में कमलेश ने खुद को बके से मारकर आत्महत्या कर ली है। मर्ग कायम कर विवेचना की गई। जांच में यह सामने आया कि मृतक के बेटे 18 वर्षीय कपिल कोरी का अपने पिता से विवाद होता था। इसके बाद मृतक के छोटे बेटे से पूछताछ की गई तो उसने खुलासा किया कि कपिल ने ही पिता की हत्या की और पुलिस से बचने के लिए बका पिता के हाथ में रख दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने हत्या करना कबूल लिया है। बताया है कि उसका पिता शराब के नशे का आदी था और घर आकर मारपीट करता था। इससे तंग आकर उसने हत्या कर दी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 24 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय विजयराघवगढ़ का किया निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने विजयराघवगढ़ अनुविभाग राजस्व एवं तहसील कायालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर दायित्वों के निर्वहन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश मंडलोई, तहसीलदार नेहा जैन सहित नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।



## अभिलेखों के सत्यापन और परीक्षण के बाद करें नाम काटनें की कार्यवाही

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रपत्र 6,7 एवं 8 में अब तक हुए प्रगति के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि फार्म नंबर 6 में सही जानकारी का परीक्षण कर ही नाम जोडा जाये। इसी प्रकार फार्म नंबर 7 में अभिलेखों का सत्यापन और परीक्षण के उपरांत ही नाम काटने की कार्यवाही करें। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण में अधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने की हिदायत भी दी।

## अतिक्रमण, पंचायत, बटवारा, नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य प्रकरणों की भी करी समीक्षा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अतिक्रमण संबंधी 05 प्रकरण सिविल न्यायायालय में लंबित प्रकरणों पर सिविल न्यायाल से आदेश पारित होने पर तत्काल कार्यवाही करने, पंचायत संबंधी 7 लंबित प्रकरणों का शीध्र निराकरण कराने, जाति प्रमाण पत्र एवं बी.पी.एल के पंजीबद्ध 173 प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के बटवारा, नामांतरण सीमांकन तथा नक्शा बटांक के प्रकरणों की सुनवाई हेतु कुल 115 प्रकरणों में 50 विगत वर्ष के पाये गए। तीन से छः माह के प्रकरणों का अवलोकन कर न्यायाल की कार्यवाही कर आदेश पारित करने हेतु निर्देशित किया गया। विगत वर्ष एवं चालू वर्ष के कुल 205 डायवर्सन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि संबंधित राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रकरणों को आर.सी.एम.एस पोर्टल पर दर्ज करने के पश्चात ऑनलाईन निकाला जाकर स्वयं के पास रख लिया जाता है। जिस पर नाराजगी व्यक्त की जाकर पीठासीन अधिकारी को प्रकरणों की यथास्थिति की जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। फौजदारी धारा 110 के र्प्रकरणों के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी को मुल्जिमों के प्रकरण समाप्त हो जाने पर उनका संबधित थाने से थाना प्रभारी से अभिमत उपरांत प्रकरण समाप्त करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा न्यायालय तहसीलदार विजयरघवगढ़ के निरीक्षण के दौरान दायरा पंजी में पूर्व वर्ष के लंबित प्रकरणों की जानकारी अद्यतन करने, परिवारिक बटवारा के प्रकरणों में विभाजन शुल्क जमा होने के पश्चात पटवारी रिकार्ड दुरूस्त करनें के निर्देश दिए।

## न्यायालय प्रकरणों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

न्यायालय निरीक्षण के दौरान निर्णित प्रकरणों को खताया नहीं किये जाने पर पीठासीन अधिकारी को विगत वर्षो के निर्णित प्रकरणों को लाल स्याही से घेरा लगाकर खताया कराने तथा दायरा पंजी में आदेश का सरांसिक विवरण दर्ज करनें के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा न्यायालय के प्रकरणों की कार्यवाही के निरीक्षण के दौरान अ-67 के 33 प्रकरण न्यायाल में लंबित होने तथा अधिग्रहित भूमि के मुआवजा संबंधी विवादित प्रकरण पर अवार्ड हेतु प्रकरण प्रेषित नही किया जाना, अ-6 के विगत वर्ष से चालू वर्ष तक कुल 74 प्रकरण में से 2 प्रकरण समय सीमा के बाहर पाये जानें पर आवश्यक कर्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाम जाति नक्शा त्रुटि से संबंधित मद में पंजीकृत प्रकरणों में पटवारी राजस्व निरीक्षक तथा अन्य प्राप्त प्रतिवेदनों का सारंशिक उल्लेख करते हुए स्पष्ट अभिमत देने के भी निर्देश दिए।

## राजस्व वसूली में लाये प्रगति

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 125 लाख रूपये के विपरीत मांग अनुरूप 14.08 प्रतिशत वसूली होने पर शेष बकाया वसूली राशि तत्काल कराये जाने हेतु तहसीलदार को निर्देश दिए गए। तहसील कार्यालय में डब्ल्यू बी एन शाखा पृथक से संधारित कर बी1 के आधार पर बी.2 तथा बी3 भू-राजस्व संहिता नियमावली अनुसार कार्यवाही करने के निदेश दिए। अर्थदण्ड पंजी का निरीक्षण कर वर्ष 2021-22 तथ 2022-23 की शेष वसूली राशि हेतु संबंधित हल्के के पटवारी को ग्रामवार वसूली का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वसूली कार्य करानें हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया गया।



# पौधरोपण के साथ इनकी देखभाल भी जरूरी

## जागृति पार्क में पर्यावरण प्रेमियों ने विभिन्न प्रजातियों के लगाए पौधे

**कटनी, यश भारत।** जागृति पार्क में रविवार को विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में वृहद पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर हरियाली का संदेश दिया। विधायक सन्दीप जायसवाल के साथ भारत स्काउट गाइड के बच्चोंए संस्था के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वृक्ष हमे जीवन देते हैं। हम इनका रोपण करने के साथ ही इनकी देखभाल भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज से कुछ वर्ष पहले यह एक बंजर पहाड़ी थी लेकिन डॉ. संजय निगम की पहल और सभी के सम्मिलित प्रयासों से यह बंजर पहाड़ी आज एक पार्क में तब्दील हो चुकी है। इस अवसर पर डॉक्टर उमा निगम, डॉक्टर आर.के. नेमा, निरंजन पंजवानी, जाकिर भाई, मोहन, सुजीत कुमार, अनिल नेमा, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, कपूर सोनी, डी.एस. लोधी, माझी समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया, पत्रकार आशीष रैकवार, ललिता, सतीश पिल्लई, शेखर भारद्वाज, ललित मिश्रा, रामाधार रजक, आदि उपस्थित रहे।




# जैन मुनि की हत्या के विरोध में जैन शिक्षा संस्था ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी,यशभारत।** जैन पाठशाला ट्रस्ट कमेटी एवं दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था की ओर से कर्नाटक में बेलगाम के निकट हिरेकोड़ी में जैनाचार्य श्री कामकुमार नंदी जी के अपहरण और नृशंश हत्या से सम्पूर्ण जैन समाज स्तब्ध और शोकाकुल है। जैन साधुओं पर हो रहे हमलों और अब हत्या से सम्पूर्ण जैन समाज आक्रोशित है। पूरा जैन समाज, जैन पाठशाला ट्रस्ट कमेटी एवं दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि इस घटना से जुड़े सभी दोषियों को शीघ्र सजा दी जाये। जिससे कि इस प्रकार का कुकृत्य करने वालों को सबक मिल सके। अपने पूज्य साधुओं के प्रति इस प्रकार की घटनाओं को जैन समाज बर्दाश्त नहीं कर सकता। ज्ञापन में मांग की गई हैं कि सभी जैन साधु साध्वियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाये और ऐसे ठोस प्रबंध किये जाएँ कि भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो। इस मौके पर अनिल सिंघई, प्रमोद जैन, अनूप सिंघई, राजेंद्र कुमार जैन, श्रेयांश कुमार जैन, अमित जैन, आशीष जैन, वर्धमान जैन, अंकित जैन, मुकेश चंदेरिया, संदीप जैन, अनिल जैन, राजीव जैन, अक्षय कुमार जैन, राजकमल जैन सहित जैन पाठशाला ट्रस्ट कमेटी एवं दिगंबर जैन संस्था के पदाधिकारी एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

## आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के लिए हुई चर्चा

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिले की विधानसभाओं के मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं जनप्रतिनिधयों की भी उपस्थिति रही। इस दौरान बैठक में डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, आर.के.बड़गैंया, मास्टर ट्रेनर विनय दुबे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में विधानसभावार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के लिये प्राप्त प्रस्तावों पर जानकारी दी गई। मतदान के दौरान मतदाताओं की सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुये नवीन मतदान केन्द्रों के विषय में भी बैठक में बताया गया।

विधानसभा 92 विजयराघवगढ़ तहसील विजयराघवगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 229 प्राथमिक शाला भवन खिरहनी के प्रस्तावित भवन प्राथमिक शाला भवन क्रमांक 02 पुरानी बस्ती खिरहनी में मतदान केन्द्र एवं भवन का परिवर्तन मतदाताओं को नजदीक मतदान किये जानें की सुविधा की दृष्टि से प्रस्ताव की जानकारी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी गई। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 के तीन मतदान केन्द्रों 72,79 एवं 80 के के संबंध में बताया गया कि मुड़वारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 72 सेक्रेट हार्ट इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक शाला राम मनोहर लोहिया वार्ड के कमरा नंबर 1 भवन के समस्त मतदाता के लिए आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्र में वर्तमान में मतदाताओं को मतदान किये जाने हेतु 1.5 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती थी। मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र का परिवर्तन प्राथमिक शाला भवन कुठला कक्ष क्रमांक 2 प्रस्तावित किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 79 शासकीय नवीन पुरवार हाईस्कूल शिवनगर इंदिरा गांधी वार्ड एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 80 के सभी मतदाताओं को पूर्व में मतदान हेतु मार्ग बाधित होने एवं रेल्वे लाईन क्रास करना पड़ता था। मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अब उसी क्षेत्र के उपयुक्त भवन नोबल हार्ट पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल इंदिरा गांधी वार्ड के कक्ष क्रमांक को मतदान केन्द्र एवं भवन का परिवर्तन किये जानें के प्रस्ताव की जानकारी बैठक में दी गई। बैठक के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 94 बहोरीबंद के मतदान केन्द्र क्रमांक 172 प्राथमिक शाला भवन पहरूआ सुनाई के मतदाताओं को मतदान केन्द्र से ग्राम सुनाई की दूरी 7 किलोमीटर होने के कारण मतदान केन्द्र 172 पहरूआ से पृथक कर नवीन मतदान केन्द 173 सुनाई परिवर्तन हेतु प्रस्ताव की जानकारी प्रदान की जाकर प्रस्तावित मतदान केन्द्र एवं भवन के संबंध में उपस्थित प्रतिनिधियों से आपत्ति चाहे जाने पर प्रस्तुत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को मान्य किया गया। बैठक के दौरान दीपक सोनी टंडन जिलाध्यक्ष भाजपा, सुनील मिश्रा जिलाध्यक्ष आ.आ.पा. रौनक खंडेलवाल इंडियन नेशनल कांग्रेस, दीपक तिवारी, विनोद शर्मा आम आदमी पार्टी, सौरभ अग्रवाल भाजपा, सोनेलाल चौधरी, प्रेमनारायण चौधरी, एस. चौधरी बहुजन समाज पार्टी की मौजूदगी रही।



# साप्ताहिक कथा प्रवाह में संकट मोचन जगन्नाथ धाम पहुचे महंत डॉ. राघवेश वेदान्ती

**विजयराघवगढ़,यशभारत।** विजयराघवगढ़ संकट मोचन जवन्नाथ धाम में चल रही श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के प्रवाह में युवराज महंत डॉ. श्री राघवेश दास वेदान्ती जी महाराज श्री धाम अयोध्या का सम्मिलन हुआ। पूज्य इंदिरा रमण जी महाराज एव्यास पीठ से श्री बेदान्ती जी की उपस्थिति की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु के रथ निर्माण में आपश्री के द्वारा दिए गए विशेष सहयोग रु 101111 के लिए मंगलाशीष प्रदान किया। श्री जगन्नाथ महाप्रभु की प्रथम रथयात्रा में भक्तों के श्रद्धा भाव समन्वित उपस्थित से पूज्य महाराज जी अविभूत हो अपने शेष जीवन काल में प्रतिवर्ष विजयराघवगढ के रथयात्रा महोत्सव में सम्मलित होने का संकल्प लिया ।इसी तरह का संकल्प युवराज स्वामी महंत डॉ. राघवेश जी का भी है। उपस्थित भगवद भक्त हर्षित हो करतल ध्वनि से संतद्वय का अभिवादन किये।



## नाम संकीर्तन करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता है : स्वामी इंदिररमण जी महाराज

श्रीमद्भागवत कथामृत के तृतीय दिवस सांख्य शास्त्र के रहस्यों से अवगत करवाया। महाराज जी ने कहा कि आज के समय में केवल नाम संकीर्तन करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता है। कलियुग में स्वरुप सेवा जल्दी नही फलती बल्कि नाम सेवा व स्मरण सेवा तुरंत फल देती है। श्री मद्भागवत में स्पष्ट है कि हिरण्याक्ष ज्ञान का शत्रु है। कपिल जी ज्ञान के साक्षात अवतार है। आपने कहा कि भक्ति ही ज्ञान में बदलती है तथा भक्ति के बाद ज्ञान आता है। आज कथा श्रवण करने युवराज महंत डॉ. श्री राघवेश दास वेदान्ती जी महाराज श्री धाम अयोध्याए सद्गृहस्थ संत त्रय पं जगदीश त्रिपाठी अरुण मिश्रा रामदीन तिवारीए केशवानंद तिवारीए अवधराज तिवारी, तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं विनोद मिश्रा, हरिहर प्र तिवारी, पं राकेश उरमलिया, यशेन्द्र सिंह बघेल, पं प्रमोद मिश्रा,सी एल सोनी, रामनारायण गर्ग, शिवकुमार दुबे, चन्द्रप्रकाश पांडेय, एम एल नामदेव, रामानुज गर्म, वीरेन्द्र मिश्रा, देवेश अग्निहोत्री, सूरज प्रसाद गुप्ता, बद्री प्रसाद शुक्ला, विश्वम्भर मिश्रा, सुलेखा शर्मा, एन के शुक्ला, नेहा मिश्रा, रामसुन्दर बडगैया, संतोष चंपुरिया, माधुरी मिश्रा, रामकरण मिश्रा, रत्नेश बडगैया, मुरलीधर उपाध्याय, सुरेन्द्र मिश्रा, भोलादेवी अग्निहोत्री, संता विश्वकर्मा, दीपक कछवाह, अनुजकृष्ण शास्त्री, महेन्द्र दुबे, डॉ. रवि उरमलिया सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।



mgm NURSING
प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री पंकज पांडेय पिता श्री सत्येंद्र पांडेय निवास जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 कटनी तहसील व जिला कटनी म.प्र. वाले की अचल संपत्ति/जायजाद मकान मौजा पुरैनी, प.ह.नं. 50 नया 40, न.ब. 143, रा.नि.म. मुड़वारा 1, तहसील व जिला कटनी म.प्र. में स्थित है डायवर्सन खसरा नंबर 166, रकवा 3000 वर्गफुट है, जिसका लिंक मूल बैनामा जो उक्त लिंक मूल बैनामा कहीं गुम गया है तथा उक्त संपत्ति/जायजाद मकान को मेरा पक्षकार ए.यू. स्माल फाईनेंस बैंक शाखा कटनी जिला कटनी म.प्र. में बंधक रखकर लोन/ऋण प्राप्त कर रहा है, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विधि मान्य दस्तावेजों सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर लोन/ऋण का निष्पादन करा लिया जावेगा। अस्तु सर्व साधारण की जानकारी हेतु यह सूचना प्रकाशित है। कटनी, दिनांक


भवदीय
उमेश मिश्रा, एडवोकेट
तहसील परिसर कटनी जिला कटनी म.प.
मो.नं. 7415245319

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
21 जुलाई से रोजाना 2 शो
06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1)


OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
21 जुलाई से रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1)
03.00 PM (AUDI-1)


MISSION IMPOSSIBLE DEAD
RECKONING PART ONE
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
21 जुलाई से
रोजाना 4 शो
01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)


अजमेर-92
कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## » न्यूज गैलरी

### साँच बराबर तप नहीं और झूठ बराबर पाप

**भोपालयशभारत।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संवैधानिक पद पर रहकर न सिर्फ खुद झूठ बोल रहे हैं, अपितु अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी झूठी जानकारियां उपलब्ध कराकर उन्हें भी झूठ बोलने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में 21 जुलाई 2023 को कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की जन आक्रोश रैली में जिस प्रकार लाखों लोगों ने मुखरता से मप्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फैकने का संकल्प लिया, उसे देखकर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बेहद व्यथित हैं और वे अपनी इस निराशा को एक और झूठ बोलकर व्यक्त कर रहे हैं।प्रियंका गांधी ने मप्र के कुछ गंभीर मुद्दों को रेखांकित किया था, जिसमें किसानों की घटती आमदनी, पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाला, महाकाल लोक में हुये भीषणतम भ्रष्टाचार और महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे उन्होंने मुखरता से उठाये। मुख्यमंत्री को पी?ा इस बात की है कि प्रियंका गांधी किसानों की घटती आमदनी और बेरोजगारी का सच प्रदेश की जनता के सामने क्यों रखा? आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी मप्र के मुख्यमंत्री का झूठ और मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को दी गई गलत जानकारी का सच प्रदेश के सामने उजागर कर रही है।

### विद्युत ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतें टोल फ्री नंबर 1912 पर कर सकते है

**भोपाल, यशभारत।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मॉनसून सीजन के दौरान आँधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेन्टर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप 'उपाय का विकल्प मौजूद हैं। उपभोक्ता इन विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर के असफल होने संबंधी शिकायतें या सूचना दर्ज करा सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल में प्ले स्टोर के माध्यम से उपाय एप को डाउनलोड कर एवं उसके उपयोग से भी अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं अथवा 1912 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए पंजीयन जारी

**भोपाल यशभारत।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड भोपाल में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए गए हैं। वे ही छात्र-छात्राऐं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ई.जी.एस. के कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत् हैं तथा जिनका जन्म एक मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के मध्य हुआ हो। उन्होंने बताया कि आवेदक ने कक्षा तीसरी, चौथी, पाँचवीं में लगातार प्रत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो। विद्यालय में छात्र, छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन, यूनिफार्म, पाठ्य-पुस्तकें एवं दैनिक उपयोग की वस्तुऐं निःशुल्क प्रदान की जाएं

### दस वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी

**भोपाल यशभारत।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस समिति ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है।

## तीसरा सावन सोमवार: शिवालयों में गूंज रहे बम-बम भोले के जयकारे

# श्री बड़वाले महादेव मंदिर में दो क्विंटल रंग और गुलाल से श्रृंगार

**भोपाल यशभारत। आज सावन माह का तीसरा सोमवार है। इस पावन मौके पर सुबह छह बजे से शिवालयों में शिवजी की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। मंदिरों में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। भक्त सुबह-सुबह मंदिरों में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का अभिषेक कर रहे हैं। उन्हें बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, अक्षत अर्पित कर रहे हैं। पूजा-अर्चना करते हुए सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। दिनभर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा।**



बाबा मुक्तेश्वर महाकाल की निकलेगी सवारी

भोजपुर मंदिर में भोलेनाथ का हुआ दिव्य श्रंगार सावन माह के तीसरे सोमवार के मौके पर शहर के समीप भोजपुर शिव मंदिर में शिवजी का दिव्य श्रृंगार किया गया। महारुद्राभिषेक हुआ। सोमवार सुबह से भोजपुरी शिव मंदिर में भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई है। मंदिर के महंत पवन गिरी महाराज ने बताया कि शिवलिंग का फूलों से श्रृंगार करके राम राम जी लिखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवजी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

बाबा बटेश्वर का दो क्विंटल रंग-गुलाल से श्रृंगार इधर शहर के कायस्थपुरा श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा श्री बटेश्वर का दो क्विंटल रंग और गुलाल से श्रृंगार किया जाएगा। पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर बाबा बटेश्वर हुरियारे रूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। समिति के संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि सावन मास में इस वर्ष पुरुषोत्तम मास होने से सावन सोमवार का अधिक महत्व है। इसी को देखते हुए, इस बार सावन में सभी त्योहार मनाएंगे। तीसरे सावन सोमवार को होली उत्सव मनाया जा रहा है विभिन्न प्रकार के रंगों का उपयोग कर गर्भगृह में भव्य रंगोली बनाई जाएगी। बाबा बटेश्वर को हुलियारे रूप में अबीर, गुलाल एवं विभिन्न प्रकार के फूलों श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। श्रृंगार दर्शन रात्रि आठ बजे से प्रारंभ होंगे। दर्शनों का सिलसिला देर रात्रि तक चलेगा। इंटरनेट मीडिया के जरिए श्रद्धालु बाबा के आनलाइन दर्शन करेंगे।

### बाबा मुक्तेश्वर महाकाल की निकलेगी सवारी

इधर शहर के छोला विश्राम घाट पर विराजे श्री मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में शिव श्रृंगार उत्सव समिति की ओर से सावन महीने के तीसरे सोमवार पर महाकाल का मोतियों से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के संयोजक आशुतोष पुरोहित ने बताया कि बाबा महाकाल की सवारी शाम साढ़े पांच बजे निकाली जाएगी। इसके अलावा भेल के गोविंदपुरा पशुपतिनाथ मंदिर, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर नेहरू नगर सहित सभी शिवालयों में शिवजी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच और जनपद पंचायत सदस्यों सहित

# 3000 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**भोपाल(ईएमएस)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की उपस्थिति में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कांग्रेस सदस्यता समारोह में दमोह जिले के विधायक अजय टंडन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह के नेतृत्व में दमोह जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू धर्मेन्द्र कटारे, बटियागढ़ जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रामरानी मंगल कुशवाहा, केशवेन्द्र सिह राजपूत बटियागढ़, श्रीमती आरती पथिरिया सहित लगभग 3000 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।वहीं बड़वानी जिले के शैलेश चौबे ने अपने सैक?ों समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री बाला बच्चन और विधायक रवि जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।कमलनाथ ने पार्टी की सदस्यता लेने वाले नेताओं का कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। नाथ ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी



नीतियों और प्रदेश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगार, किसानों पर हो रहे अत्याचार से प्रदेश की जनता परेशान है, प्रदेश का भविष्य खतरे में है और नौजवान भटक रहा है, संविधान और संस्कृति पर खतरा बना हुआ है। हम सभी को संविधान और संस्कृति का रक्षक बनना है। आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करना है, जिसकी जिम्मेदारी आप हम सभी की है। मप्र को फिर से पटरी पर लाना है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है।

### चुनाव प्रबंधन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

भोपाल, यशभारत। भाजपा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पूजा अर्चना व कन्यापूजन कर चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया। वरिष्ठ नेताओं ने भगवान से 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के ऐतिहासिक विजय की कामना की।

## तेज आंधी से उडी आश्रम में लगीं टीन की चादरें

भोपाल (ईएमएस)। तेज आंधी में वृद्धाश्रम में लगीं टीन की चादरें उड गई। इससे बारिश का कमरों में भर गया है। वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश ने बुजुर्गों को बेघर कर दिया। इतनी तेज आंधी आई, उसमें आश्रम में लगीं टीन की चादरें उड़ गई। वर्षा का पानी भर गया। बिस्तर गीले हो गए। सामान भींग गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। अब मदद के लिए हां जाएं? चार इमली ज्योतिबा फुले नगर नंदन वन पार्क के पास आश्रम की संचालिका संगीता नेलोर जो पहले से निःशुल्क मानव सेवा करके हमें रख रही हैं, अब वो भी वेचारी कितनी हमारी मदद करें। दो दिन से सो नहीं पा रहे हैं। वर्षा का पानी पैरों व हाथों से बाहर निकालते-निकालते रात काटनी पड़ रही है। इतना कहते-कहते 70 वर्ष के बुजुर्ग दयाशंकर और 75 वर्ष के गयादीन की आंखों में पानी आ गया। बेघर हुए बुजुर्गों ने इंटरनेट मीडिया पर आश्रम को दुरुस्त कराने के लिए शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है।

### लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर पीसीसी में कार्यक्रम

भोपाल(ईएमएस)। संस्कृतिक और धार्मिक त्यौहार गणेश उत्सव के माध्यम से देशवासियों के दिल में देशप्रेम, स्वाधीनता की भावना जगाने बाले महान देशभक्त लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं देश की आजादी के प्रणेता, महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती और क्रांतिकारी जतिंद्र मोहन सेनगुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्य तिथि पर रविवार 23 जुलाई 2023 को दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में कांग्रेसजनों द्वारा इन महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा।प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए ।

## मध्य प्रदेश में इस बार किसानों को दो लाख टन खाद अधिक मिलेगी, मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**भोपाल, यशभारत।** खरीफ की फसल के लिए इस बार किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में दो लाख टन खाद ज्यादा मिलेगी। सरकार ने कोटा 14 लाख टन से बढ़ाकर 16 लाख टन कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में खरीफ और आगामी रबी फसलों की तैयारी के लिए खाद की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से दूरभाष पर बात कर प्रदेश में केंद्र सरकार से खाद की आपूर्ति का आग्रह किया। वह शनिवार शाम अपने आवास में प्रदेश में खाद के समुचित प्रबंधन



संबंधी बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस जिले से भी मांग आए, वहां पर्याप्त खाद पहुंचाएं। केंद्र सरकार को पत्र लिखकर खाद की मांग की जाए। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गोशालाओं के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में गायें सड़कों पर हैं, जिन्हें गोशालाओं में पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। गोशालाएं बनाने के काम में बहुत तेजी लाएं। अस्थायी रूप से भी गायों को रखने की व्यवस्था करें। गोशालाओं के निर्माण एवं गोवंश की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थान चिह्नित कर लें।



## समरसता यात्रा के लिए रथों को किया रवाना

भोपाल, यशभारत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने भोपाल के भेल स्थित संत रविदास मंदिर से संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा के पांच रथों को रवाना किया। आर्य ने कहा कि 45 जिलों में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्राएं पहुंचेंगी एवं सात जिलों में उपयात्राएं निकलेंगी। राज्य सरकार सागर में संत शिरोमणि रविदास महाराज का 100 करोड़ की लागत का मंदिर बना रही है। मंदिर के निर्माण में समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो, इसके लिए जनअभियान परिषद के संयोजन में 25 जुलाई से 12 अगस्त के बीच प्रदेश के पांच स्थानों से संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा निकलेगी। यात्राएं 55 हजार गांवों से मिट्टी और एक मुट्ठी अन्न के साथ 350 से अधिक पवित्र नदियों और जलाशयों का जल एकत्र करते हुए 12 अगस्त को सागर पहुंचेगी, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संत रविदास के भव्य मंदिर का शिलान्यास होगा।

### भाजपा के विकास में मछुआरा समाज का बड़ा योगदान

भाजपा यशभारत। भाजपा के विकास में मछुआरा समाज का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसलिए पार्टी को ताकत देने के लिए अभी से एकजुट हो जाएं। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर जाकर बताएं और उनका लाभ दिलवाने का प्रयास भी करें। यह बात रविवार को भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने मछुआरा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

## सरेराह लूट रहे मोबाइल, पुलिस को लग रही चोरी

**भोपालयश भारत।।** राजधानी में इन दिनों बाइक सवार लुटेरों का आतंक मचा हुआ है। घर के पास रात में टहलने निकलते समय या फिर रात में सुनसान इलाके से गुजरने वाले लोगों के मोबाइल बाइक सवार बदमाशों के निशाने पर हैं। उनके मोबाइल छिन जाने के बाद रही-सही कसर पुलिस पूरी कर देती है। वह उनकी मोबाइल लूट की वारदात को आइपीसी की धारा 356 ( बल प्रयोग, चोरी का प्रयास करना ) का उपयोग कर चोरी में दर्ज कर मामले को हल्का कर देती है। पिछले दो माह में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में थानास्तर से पता किया जा रहा है। 02 जुलाई में रेलवे के युवा कर्मचारी 25 वर्षीय रोहित कुशवाह रीवा से ट्रेनिंग पर भोपाल आया था। वह भोपाल में अपने दोस्त के यहां साकेत नगर



में ठहरा था। रात के समय वह घर के बाहर घूम रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश आए और उसके हाथ मोबाइल छीनकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने मामले में आइपीसी 356 का उपयोग कर मामला दर्ज किया। इसी तरह से गोविंदपुरा पुलिस ने आचार्य नरेंद्र देव नगर में रहने वाले 23 वर्षीय शखावत खान की शिकायत पर ऐसा ही प्रकरण दर्ज किया था। शखावत निजी काम करता है। दो जुलाई को वह अपने काम से वापस आ रहा था। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया। वह गोविंदपुरा थाने में शिकायत करने पहुंचा तो पुलिस ने आइपीसी 356 के तहत चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया। लुटेरों की बाइक पर नंबर भी था। सेवानिवृत्त् डीएसपी एके भारद्वाज ने बताया कि अगर बड़ी वारदात में हल्की धाराओं में एफआइआर की जाती है तो उस बदमाश को मदद मिल जाती है। जैसे उसने 392 या 394 लूट की वारदात की तो उस पर उसे सजा लूट के अपराध के लिए मिलेगी। ऐसे में चोरी पर हल्की धाराओं में जांच कर चालान पेश किया जाता है। उसी के तहत उस पर केस चलता है और सजा मिलती है। जून 19 को सिदार्थ सिंह के साथ लिंक रोड से टीटीनगर में मोबाइल छीना गया, उस पर मामले में शिकायत की गई। इसी तरह से 24 जून को रचना नगर में ई-रिक्शा सवार अभिषेक सेन से मोबाइल छीन लिया गया।

## पति ने पत्नी का हसिए से गला काटा मोबाइल से करती थी ज्यादा बात

भोपाल यशभारत। मोबाइल पर बार-बार बात करने से नाराज पति ने पहले पत्नी का हसिए से गला काट दिया और उसके बाद फिर खुद को भी चाकू मार लिए। गंभीर रुपए घायल पति को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह मामला मुरैनी जिले के अंबाह कस्बे के मिश्र नगर का है। मामले में पुलिस ने मृतका सुनीता के भाई की शिकायत पर राजेश करण के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। भिंड के कृष्णा कालोनी निवासी राजेश करण उम्र 36 साल हलवाई का काम करता है। पत्नी सुनीता व दो बच्चों के साथ तीन माह से अंबाह के मिश्र नगर में राजेंद्र कटारे के मकान में किराए से रह रहा था। 30 साल की सुनीता अंबाह क्षेत्र के ही कच्छपुरा गांव की निवासी थी और वह मोबाइल पर किसी से बात करती थी। इस बात को लेकर सुनीता और राजेश का अक्सर झगड़ा होता था। शनिवार की दोपहर एक बजे के करीब दोनों कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर झगड़ने लगे। कुछ देर बाद सुनीता की बचाओ-बचाओ की चीख सुनी तो मकान मालिक का परिवार आ गया। दरवाजा धक्का देकर देखा तो खून से लथपथ सुनीता जमीन पर पड़ी थी, पास ही हसिया पड़ा था। इसी हसिए से राजेश ने सुनीता के गले व सीने में कई बार वार किए।

**खुद को भी चाकू मार कर किया लहूलुहान**

## अगले एक साल में रामनगर के हर गाँव और हर क्षेत्र में पहुँचेगा पानी

**भोपाल,यशभारत।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रामखेलावन पटेल ने कहा है कि अगले एक साल में सतना जिले के रामनगर के हर गाँव और हर क्षेत्र में पानी पहुँचेगा। इससे किसानों को भी फायदा होगा। क्षेत्र में नहर विस्तार के लिए राज्य सरकार ने 5 करो? रूपये की मंजूरी दी है। इन पर शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।राज्य मंत्री पटेल शुक्रवार को रामनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने 25 लाख 76 हजार रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि-पूजन



विकास पर्व में ग्राम खारा, सुलखमा

भी किया। इनमें ग्राम पंचायत खारा में 6 लाख 76 हजार रूपये लागत के शाला बाउंड्रीवॉल निर्माण, ग्राम सुलखमा में 7 लाख रूपये लागत के नाली निर्माण, ग्राम कुदरी कला में 12 लाख रूपये लागत से बनने वाले कौशल विकास उन्नयन विकास केन्द्र का भूमि-पूजन शामिल है।

- विकास पर्व में 13 अगस्त तक 110 ग्राम पंचायत और 2 नगर परिषद होंगी कव्हर सतना जिले के अमरपाटन क्षेत्र में विकास पर्व के दौरान 13 अगस्त तक 110 ग्राम पंचायत और 2 नगर परिषद कव्हर होंगी। ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही राज्य मंत्री पटेल 93 करो? 16 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लाकार्पण करेंगे।



## कूनो में चीतो की सतत् निगरानी जारी

**बोमा में 6 नर, 5 मादा चीते**

भोपाल (ईएमएस)। प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव ने बताया कि कूनो में चीतों की सतत् निगरानी की जा रही है। बोमा में 6 नर एवं 5 मादा चीते रखे गये है। कूनो वन्य-प्राणी चिकित्सक टीम और नामिबिया एवं दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। अब तक 6 चीतों के रेडियों कॉलर हटाये गये है।

**योजना**

### ट्रेक्टर होने पर भी बहनों को योजना में किया जाएगा शामिल

# 21 से 23 वर्ष की बहन-बेटियाँ भी लाड़ली बहना योजना में होंगी शामिल – मुख्यमंत्री श्री चौहान

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य शासन ने मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना में 21 से 23 वर्ष आयु की बहन-बेटियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है। साथ ही योजना में वे बहनें भी शामिल होंगी, जिनके पास 5 एक? से कम जमीन है, लेकिन ट्रेक्टर होने से फोरव्हीलर के मापदंड की वजह से योजना में शामिल नहीं हो पाई है। इन बहनों को भी 1000 रूपए और बाद में राशि ब?ने पर बढ़ी हुई राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में 21 से 23 वर्ष आयु समूह की लाड़ली बहनों के साथ पौध-रोपण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

### 10 अगस्त को रीवा से लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित करेंगे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में राशि जारी करने के लिए प्रतिमाह की 10 तारीख तय है। अगले माह 10 अगस्त को रीवा से





योजना की राशि प्रदेश के सभी गाँवों और वार्डों में रहने वाली ला?ली बहनों के खाते में डाली जाएगी। इस बीच 21 से 23 साल तक की ला?ली बहनों के रजिस्ट्रेशन का अभियान भी आरंभ हो जाएगा। बहन-बेटियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ, वे सुखी रहेंगी तो मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा।

### 25 जुलाई से आरंभ होंगी 5 यात्राएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 25 जुलाई से 5 यात्राएँ आरंभ होंगी। यह सभी यात्राएँ अलग-अलग गाँव से गाँव की माटी और नदी का जल लेकर सागर पहुँचेंगी। सागर में 12 अगस्त को भगवान संत रविदास जी के मंदिर निर्माण का शिलान्यास होगा।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ 21 से 23 वर्ष आयु समूह की बहन-बेटियों ने लगाए पौधे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 21 से 23 वर्ष आयु समूह की बहन-बेटियों को मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना में जोड़ने के प्रतीकस्वरूप बहनों के साथ पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री ने पीपल, बरगद, कदम्ब, करंज, महुआ, खिरनी, आम और नीम के पौधे रोपे। पौध-रोपण में श्रीमती सुधा राठौर, राधिका, शाहीन, आफरीन, कंचन, राधिका, तनु, गणेशी, आराध्या, नैन्सी और पूजा नायक शामिल हुईं। मुख्यमंत्री के साथ अंजना पेठिया ने पति संतोष पेठिया और पुत्र सर्वश्री अनुतोष एवं अन्वेष पेठिया सहित अपने जन्म-दिवस पर पौधे रोपे। पूर्व पार्षद महेश मकवाना ने भी अपने जन्म-दिवस पर परिजनों श्रीमती मंजू मकवाना, सुश्री रिद्धि और किशोर मकवाना सहित पौधे लगाए। कमल बघेल, सुश्री सुनंदा एवं अनाया बघेल ने भी पौधे लगाए।

## रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में निर्माणाधीन आश्रय स्थल के शेष कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करें

भोपाल यशभारत। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसायिक काम्पलेक्सों, दुकानों एवं आश्रय स्थल ( रैन बसेरा ) के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने बरखेड़ी पातरा, लक्ष्मी टाकीज, बाल विहार, सैफिया कालेज रोड, रेल्वे स्टेशन क्षेत्र आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और कार्यों में गुणवत्ता बनाये रखते हुए शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संदीप केरकेट्टा, मुख्य अभियंता पी.के.जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 06 की ओर निर्माणाधीन जी+2 आश्रय स्थल ( रैन बसेरा ) का निरीक्षण किया और कार्यों के संबंध में निगम अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर ट्यूब लाईट, बल्ब, पंखे लगाने तथा लोर में लगाये गये कोटा स्टोन की घिसाई कार्य, भवन की आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र की पुताई सहित फिनिशिंग के सभी कार्यों को एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने बरखेड़ी पातरा में निर्माणाधीन जी+2 शॉपिंग काम्पलेक्स के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं काम्पलेक्स के बेसमेंट में सीपेज के कारण भरे पानी को निकालकर सीपेज समस्या के निराकरण हेतु समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने दुकानों के बाहर कॉरीडोर एवं फुट स्टेप्स में ग्रेनाइट लोरिंग कार्य एवं बेसमेंट के प्रवेश द्वार पर जालीदार शटर लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक

## कन्या छात्रावास में व्यवस्थाएं करें दुरुस्त- सीईओ के निर्देश

कटनी,यशभारत। धरा को हरा भरा बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करते रहना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। इसके लिए विभिन्न प्रजातियों के औषधीय छायादार एवं फल फूलदार पौधों को रोपित कर उनकी सुरक्षा और देखभाल बेहतर तरीके से करने का संकल्प आज से ही हम सभी लें। कुछ इस आशय की बातें स्पेशल एंड रेजिडेंशियल एकेडमी सोसाइटी भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही कटनी स्थित छात्रावास के निरीक्षण एवम हरियाली महोत्सव के अंतर्गत मनरेगा से कराए जा रहे पौधारोपण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने छात्राओंए प्रबुद्ध जनों एग्रामीणों जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारियों से संवाद के दौरान कहीं। सीईओ ने कहा कि प्रकृति को संरक्षित करने हम सभी का योगदान और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। हमें प्राकृतिक छटा और सौंदर्य के साथ-साथ जीवन को उपयोगी स्वच्छ ऑक्सीजन, आवश्यक खनिज व लवण विभिन्न माध्यमों से प्रकृति से ही प्राप्त होते हैं। इस दौरान लगभग चार सौ छात्राओं ने सहभागिता करते हुए परिसर में अतिथियों की मौजूदगी में उनके साथ अशोक, आंवला आम एवं अमरूद के लगभग दो सैकड़ा से अधिक पौधेरोपित किए।





जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने छात्रावास स्थित मेस किचन और अन्य कक्षों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ ने गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार स्वच्छता के साथ बनाए जाने, शुद्ध पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु चाक-चौबंद व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विदित होवे की निरीक्षण के दौरान कुछ छात्राओं द्वारा पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति में कमी की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया था। समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए सीईओ ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं चुस्त.दुरुस्त किए जाने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए। सीईओ श्री गेमावत ने छात्राओं को सर्वांगीण विकास हेतु पूरे मनोयोग से समय का उचित प्रबंधन कर विद्या अध्ययन कर शिक्षा अर्जित करने और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने को प्रेरित किया। सीईओ ने कहा कि आपके द्वारा आज किया गया परिश्रम भविष्य में बेहद सार्थक और उपयोगी होगा इसलिए एक. एक क्षण का उपयोग अपने भविष्य के बेहतर निर्माण हेतु करें। छात्राओं की सुरक्षाए अभिभावको और नागरिकों की जानकारी हेतु सूचना पटल पर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक तथा जिला पंचायत के सीईओ के मोबाइल नंबर भी अंकित किए जाने के निर्देश भी दिए। जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री टंडन ने छात्राओं से कहा कि आप सब देश की भविष्य हैए बेहतर शिक्षा को प्राप्त कर अपने भविष्य को सवारते हुए अच्छे पदों को सुशोभित कर अपना और जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित करेंगी। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्यए संगीतए नाटक और विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी कला और विधा का श्रेष्ठ और बेजोड़ प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडनए जनपद के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने ताली बजाकर आयोजित कार्यक्रम का लुत्फउठाया तथा जोश और उत्साह से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड एवं पुरस्कारों के माध्यम से अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह, मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, सहायक यंत्री, सचिव और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरसात में होने वाली संक्रामक बीमारी से बचें



कटनी,यशभारत। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसमुदाय के लिए जारी एडवाइजरी में कहा है कि वर्तमान समय में बरसात में जलजनित बीमारी होने की संभावना होती है। बरसात में अक्सर दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट दर्द, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां होती हैं। बीमारी से बचने के लिए सावधान रहें। बीमार न हों, इसके उपाय करें एवं स्वस्थ्य रहें। दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट र्दद, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए ताजा भोजन करें। शुद्ध पानी पिएं (उबला पानी, आरो का पानी, फिल्टर का पानी, हेंडपंप का पानी पिएं) कुआँ, नदी, नाला का पानी ना पिये। पानी क्लोरिनेशन करके पियें। सड़ीगली सब्जी, फल, बासा खाना ना खायें एवं बरसात के दिनों मांस का सेवन ना करें। व्यक्तिगत स्वच्छता अपनायें। खानें की चीजों को छूनें से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। संक्रमित चीजों को छूने के बाद या शौंच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। स्वच्छ शौचालय का उपयोग करें। डॉक्टर के परामर्श से उल्टी, दस्त के लिए टेबलेट फ्यूराजोलाडिन मेट्रोंजिन, डायकलोमिन, मेट्रोक्लोरापामाइड, जिंक ओ.आर.एस. का घोल, खीरा, दही, सिकंजी, चावल का पानी तथा तरल पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करें। दस्त से संबंधित संक्रामक बीमारी होने पर नजदीकी अस्पताल जायें, ग्राम स्तर में आशा कार्यकर्ता डिपो होल्डर के माध्यम से जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त करें। बरसात के दिनों में वेक्टर जनित रोग जैसे- मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनियां, फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां होती है। गंदा पानी, नाली, गडढों में एकत्रित पानी से मच्छर के लारवा से अंडे पनपते हैं।मलेरियामादा एनाफिलिस मच्छर के काटने से मलेरिया होता है। डेंगू के लारवा साफपानी में पैदा होता है। जैसे- कूलर, टूटे हुए टायर, टंकी में एडीज मच्छर के लावा पनपते हैं। होता है।

# मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना हेतु जमा हो रहे आवेदन

कटनी,यशभारत। प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थो की यात्रा सुलभ कराने हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जारी की गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों जो 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति जो आयकरदाता नहीं है, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में महिलाओं के लिए 2 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्रालय भोपाल के परिपत्र दिनांक 13 जुलाई के द्वारा कटनी जिले अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना यात्रा दिनांक 31 अगस्त से 3 सितंबर तक शिर्डी तथा 24 सितंबर से 29 सितंबर तक कामाख्या तीर्थयात्रा कराई जावेगी। तीर्थ स्थल शिर्डी के लिए 31 अगस्त से 3 सितंबर के लिए 150 बर्थ आवंटित किए गए है। जो उमरिया कटनी, जबलपुर शिर्डी जबलपुर,कटनी, उमरिया होते हुए यात्रा सम्पन्न होगी। इसके साथ ही कामाख्या तीर्थ स्थल के लिए 24 सितंबर से 29 सितंबर के लिए 200 बर्थ आवंटित किए गए है। जो सराइग्राम, कटनी, सतना, कामाख्या सतना, कटनी, सराइग्राम होते हुए यात्रा सम्पन्न होगी।




मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत द्वारिका यात्रा हेतु आमजन से आवेदन प्राप्त करने हेतु षहरी क्षेत्र में नगर निगम स्तर पर आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी तथा ग्रामीण एवं ब्लाक स्तर पर समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के साथ ही नगर परिशद स्तर पर परियोजना अधिकारी षहरी विकास अभिकरण कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के दिशा निर्देश अनुसार यात्रा ट्रेन जिन-जिन स्टेशनों से प्रारंभ होगी एवं रूकेगी वहाँ तक यात्री को स्वयं अपने व्यय से आना होगा। यात्री अपने साथ आवश्यक वस्तुओं स्वयं लाना होगा। तीर्थ यात्री अपने साथ ओरीजनल आधार कार्ड वोटर कार्ड एवं पूर्ण कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिक्रेट की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लाना होगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में किसी भी स्थिति में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति ट्रेन में प्रवेश नहीं करेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत यात्रा हेतु वरिष्ठ नागरिकों जो 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति ऑनलाइन वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते है या संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय तहसील कार्यालय में कर सकते है।

# बीमा कराकर फसलों को होने वाले नुकसान पर लाभ पायें

## बीमा करानें की अंतिम तिथि 31 जुलाई

कटनी,यशभारत। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2023 अंतर्गत कृषकों के लिए अपनी पटवारी हल्के में दिवस पूर्व खरीफ हेतु 24 जुलाई तक घोषणा पत्र भरकर संबंधित बैंक शाखा को दे सकते है। यदि घोषणा पत्र नहीं दिया जाता है तो कृषक को योजना में सम्मलित माना जायेगा। गैर ऋणी कृषक सी.एस.सी केन्द्र, बैंक की शाखाओं में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन शिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, दुबाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफमें अनाज एवं दलहन फसल के




अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक नें बताया कि बीमा पूर्णतः स्वचिक है। ऋणी कृषक यदि बीमा नहीं कराना चाहते है तो अंतिम तिथि के सात लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। आपने समस्त कृषकों से अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवाने का आग्रह किया है जिससे असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हुई छः मासिक योजना बैठक

कटनी,यशभारत। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की छः मासिक योजना बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ संगठनात्मक पद्धति से विहिप अधिकारी एवं अतिथियों ने श्रीराम दरबार में पुष्पमाला अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगठन के आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रम अखंड भारत संकल्प दिवस कॉलेजों स्तर में, बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा, विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस समिति स्तर तक मनाने की वृहद योजना बनाई है। संगठन विस्तार की दृष्टि से जिले के सभी प्रखंड में 5 अगस्त से पहले प्रखंड केंद्र में वृहद बैठकों का आयोजन, खंड रचना, खंड, ग्राम समिति, नगर स्तर में वार्ड समिति, प्रत्येक प्रखंड में सत्संग एवं सेवा केंद्र प्रारंभ करने को लेकर योजना बनी, एक ग्राम एक समिति एक सत्संग एक बोर्ड को लेकर चर्चा हुई, बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति- दुर्गावाहिनी का व्यापक स्वरूप देखने को मिला, अंतिम सत्र में जिला नगर एवं प्रखंड में कुछ संगठनात्मक दायित्व परिवर्तन एवं नवीन घोषणाएं की गई। बैठक का संचालन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री राहुल दुबे ने किया। बैठक में छेत्र सेवा प्रमुख राकेश अग्रवाल, विभाग सहमंत्री विनीत तिवारी, जिला अध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी, विभाग सत्संग प्रमुख पूनम तिवारी एवं जिले के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# नारायणशाह वार्ड में विकास कार्यों की मिली

## 87 लाख 84 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

कटनी,यशभारत। कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के वार्ड क्रमांक 39 बाबा नारायण शाह वार्ड में विकास कार्यों की अनेकों ऐतिहासिक सौगातें दी गई। जो कि वार्डो के विकास में मील का पत्थर साबित होंगा। उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के झूलेलाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में 87 लाख 84 हजार रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक स्थानीय पार्षद श्याम पंजवानी मंडल अध्यक्ष बागिश आनंद एमआईसी सदस्यों डॉ रमेश सोनी सुभाष साहू पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव श्रीमती बीना बैनर्जी शकुंतला सोनी पूर्व पार्षद राजू मखीजा डब्बू रजक एवं स्थानीय निवासियों नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त शिक्षक गुलाब राय से कराया। भूमि पूजन के बाद मुख्य रूप से होने वाले निर्माण कार्यों में कृष्णानी भवन से बबला कटारिया के घर तक 7 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड एवं 9 लाख 17 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण तथा विजय के घर से पंकज के घर तक 8 लाख 57 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण एवं बाबा सावन शाह जी महाराज के गुरुद्वारे समीप 13 लाख 32 हजार की लागत से सीसी सड़क का निर्माण के अलावा हीरानंद के मकान से घनश्याम दास बिरयानी के मकान तक 41 लाख 38 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड नाली एवं पुलिया का निर्माण तथा रामलीला मैदान ग्राउंड में 8 लाख की लागत से सीसी नाली निर्माण का भूमि पूजन कर वार्ड की जनता को विकास कार्यों की सौगातें समर्पित की। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर का हित एवं उसके विकास के लिए हम हमेशा कृत संकल्पित हैं। इसके लिए हमें प्रदेश शासन के मुखिया शिवराज सिंह चौहान एवं स्थानीय सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिससे कि शहर के विकास को द्रुतगति से आगे बढ़ाया जा रहा है।



# पॉलीटेकनिक महाविद्यालय के नवनिर्मित वर्कशाप का लोकार्पण

कटनी,यशभारत। विकास पर्व के अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय संस्था के नवनिर्मित वर्कशॉप भवन का लोकार्पण किया। लाकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संदीप जायसवाल विधायक विशिष्ट अतिथि दीपक टंडन सोनी, जिला अध्यक्ष, भाजपा तथा श्रीमती देववती पाण्डेय, माननीय संरपंच ग्राम पंचायत कछगवां की मौजूदगी रही। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संस्था के वर्कशॉप भवन के निर्माण का 155 लाख की लागत से कराया गया है। वर्कशॉप भवन एक महत्वपूर्ण कार्यशाला है क्योकि इसमें संस्था के सभी शाखाओं के विद्यार्थीयों को प्रथम वर्ष में प्रायोगिक कार्य करना होता है। इस संस्था में वर्तमान में चार शाखाएं सिविल इंजीनियरिंग कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित हैं जिनमें सम्मिलित रूप से 550 विद्यार्थी नियमित छात्र के रूप में अध्ययनरत हैं। संस्था द्वारा इस वर्ष नवीन शाखा माइनिंग एण्ड माइन्स सर्वेयिंग प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव डीपीआर सहित शासन की अनुमति हेतु प्रेषित किया गया है। इस कार्यक्रम में पीआईयू पीडब्ल्यूडी के अधिकारी डी के मिश्रा, एसडी पटेल, एन के मिश्रा, रविन्द्र जायसवाल उपस्थित हुए। संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र बरखेडकर, अन्य सभी अधिकारी तथा विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित हुए।






# आदिवासी कन्या छात्रावास में पुस्तकालय का भव्य शुभारंभ

कटनी,यशभारत। उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे स्थित शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास खिरहनी रोशननगर में जिला कलेक्टर अवि प्रसाद की अभिनव पहल पर पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्रीमती रागनी मनोज गुप्ता के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री स्पर्श चौधरी ने की। इसअवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विभागीय सीईओ अनुराग श्रीवास्तव, एनकेजे संकुल प्राचार्या श्रीमती रामकुमारी चक्रवर्ती, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, श्रीमती सुमनलता चौहान, प्रभारी प्राचार्या पुष्पा दुबे, डाइट प्रतिनिधि श्रीलाल दुबे, अधीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश मेहरा, बालक छात्रावास के अधीक्षक सुभाष झारिया, संतोष त्रिपाठी औरअरविन्द उपाध्याय की उपस्थिति उलेखनीय रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर फूल मालाअर्पण के साथ द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। इस अवसर पर अंत:वासी बच्चियों द्वारा मनमोहक गीत, भाषण और नृत्य का सुन्दर आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत और आभार प्रदर्शन अधीक्षिका श्रीमती सुधा पिल्ले द्वारा किया गया।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप टेन में शामिल

कटनी,यशभारत। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले मे कटनी जिला प्रथम समूह के जिलों की सूची में टॉप टेन अग्रणी जिलों मे शामिल है। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण मे जिले ने 79.76 वेटेज स्कोर हासिल कर सातवां स्थान हासिल किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करनें की हिदायत दी है। जिले को जून माह में प्राप्त कुल 8484 शिकायतों में से 46.05 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सी.एम हेल्पलाइन की शुक्रवार को जारी ग्रेडिंग में अपने समूह में कटनी जिले के उर्जा विभाग को प्रथम स्थान अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरे अमले को शाबाशी दी है। श्री प्रसाद ने भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ काम करने निर्देशित किया है।

## पुलिस द्वितीय और जिला पंचायत तृतीय पायदान पर

सी.एम हेल्पलाइन के शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी पुलिस अपने समूह के जिलों मे द्वितीय स्थान पर रहा। कटनी पुलिस ने 89.33 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया और 51.41 वेटेज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने पुलिस टीम द्वारा संवेदनशीलता से समस्याओं के निराकरण के प्रयासों की सराहना की है। जबकि जिला पंचायत कटनी को अपने समूह के जिलों में तृतीय स्थान हासिल हुआ है। जिला पंचायत ने 86.79 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है और 51.74 वेटेज स्कोर के साथ सुतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। नगर निगम कटनी ने समस्याओं के नपटारे के मामले मे 86.94 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। नगर निगम द्वारा 49.53 वेटेज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

# मुकेश कुमार ने झटका अपना पहला टेस्ट विकेट इस साथी गेंदबाज को 12 साल करना पड़ा था इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम की पेस बैट्री में अब एक और नया नाम जुड़ गया है। लंबे समय से मुकेश कुमार को टीम इंडिया के रेड बॉल और व्हाइट बॉल स्क्वॉड में शामिल किया जा रहा था। पर इस बार वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में उन्हें अपनी इंटरनेशनल कैप मिली। अपने इंटरनेशनल डेब्यू मैच में मुकेश कुमार ने अपने 7वें ओवर में ही पहला टेस्ट और पहला इंटरनेशनल विकेट अपने नाम किया। पोर्ट ऑफ स्पेन में जारी दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मुकेश कुमार ने कैरेबियाई डेब्यूटेंट कर्क मैकेंजी को आउट कर अपनी पहली सफलता हासिल की। वहीं भारत की इस प्लेइंग 11 में एक ऐसा गेंदबाज मौजूद है जिसने डेब्यू करने के बाद 12 साल अपने पहले टेस्ट विकेट का इंतजार किया था। मुकेश कुमार ने जो किया है वो उपलब्धि शायद आम क्रिकेट फैंस के लिए कुछ नहीं होगी, लेकिन बतौर क्रिकेटर वह अब अपना पहला इंटरनेशनल विकेट पूरे करियर के दौरान और उसके बाद भी याद रखेंगे। मुकेश कुमार बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं। आईपीएल 2023 में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 7 विकेट लिए थे। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन शानदार था जिसकी बदौलत एक साधारण से परिवार और छोटे शहर से आने वाले मुकेश ने



टीम इंडिया तक का सफर तय किया। उन्हें इस मुकाबले में अनफिट शार्दुल ठाकुर की जगह



शामिल किया गया था।

### फिर विकेट को तरस रहे उनादकट

जयदेव उनादकट की वापसी तो हुई है लेकिन मोहम्मद शमी के रेस्ट के दौरान उनके पास अच्छा मौका था खुद को साबित करने का, लेकिन वह एक भी विकेट नहीं ले पाए। डोमिनिका टेस्ट में विंडीज के खिलाफ वह दोनों पारियों में एक भी विकेट नहीं ले पाए। वहीं पोर्ट ऑफ स्पेन में भी 9 ओवर की गेंदबाजी के बाद वह विकेट के लिए तरसते नजर आए। उनादकट के करियर का यह चौथा टेस्ट मैच है लेकिन वह सिर्फ तीन विकेट ही अभी तक ले पाए हैं। अगर इस बार वह टीम से बाहर हुए तो फिर उनकी वापसी लगभग नामुमकिन हो सकती है।

### जयदेव उनादकट ने 12 साल किया था इंतजार

मुकेश कुमार को जहां अपने इंटरनेशनल करियर के पहले टेस्ट मैच और सातवें ओवर में ही पहला विकेट मिल गया। वहीं इस मैच में उनके साथ खेल रहे जयदेव उनादकट को 12 साल तक अपने पहले टेस्ट विकेट का इंतजार करना पड़ा था। दरअसल उनादकट ने साल 2010 में टेस्ट डेब्यू साउथ अफ्रीका के खिलाफ किया था। उस मैच में उन्होंने 26 ओवर गेंदबाजी की लेकिन एक भी विकेट वह नहीं ले पाए थे। उसके बाद वह टीम से बाहर हो गए और उनकी वापसी हुई दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में। यहां उन्होंने एक मैच खेला और उसमें तीन विकेट अपने नाम किए। यानी डेब्यू के 12 साल बाद अपने दूसरे टेस्ट में उन्हें सफलता मिल पाई।

# मंत्रालय की अनुमति हो तो फुटबाल संघ एशियाड में टीम भेजने को तैयार, सुनील छेत्री होंगे कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल संघ कप्तान सुनील छेत्री की अगुआई में अपनी शीर्ष टीम को एशियाई खेलों में भेजने को तैयार है, बशर्ते उसे खेल मंत्रालय की ओर से हरी झंडी मिल जाए। पिछली बार 2018 के जकार्ता खेलों में भारतीय फुटबाल टीम को भाग लेने की अनुमति नहीं मिली थी। भारतीय टीम इस समय एशिया में 18वें नंबर पर है। खेल मंत्रालय के नियम के अनुसार टीम स्पर्धा में वहीं टीम भाग ले सकती है जो शीर्ष आठ में शामिल हो। भारतीय फुटबाल टीम ने हाल में सैफ चैंपियनशिप जीती है और वह फीफा रैंकिंग में सौ से कम पायदान पर आ गई है। मौजूदा टीम में अंडर-23 आयुवर्ग के सात खिलाड़ी हैं और तीन उम्रदराज खिलाड़ियों में सुनील छेत्री, गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और रक्षक संदेश झींगन जा सकते हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पहले योजना बनाई थी कि राष्ट्रीय सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक थाईलैंड में किंग्स कप (7 से 10 सितंबर) के बाद चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में अंडर-23 टीम की देखरेख करेंगे। 2002 से लेकर अब तक एशियाई खेलों में फुटबॉल की अंडर-23 टीमें ही खेलती हैं और एक टीम में इससे ज्यादा उम्र के सिर्फ तीन खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति दी जाती है। एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा था, ÷इस साल भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक रहा है। अगर उन्हें एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिलता है तो यह फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन होगा, खासकर अंडर-23 लड़कों के लिए। IOA ने 2018



एशियाई खेलों के लिए भारतीय फुटबॉल टीम को इसी आधार पर मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि वह एशिया में शीर्ष-8 में स्थान पर नहीं थी। आईओए और एनएसएफ को भेजे गए खेल मंत्रालय के निर्देशों में एक प्रावधान है, जो कल्याण चौबे की अध्यक्षता वाले एआईएफएफ को आशा की किरण दे सकता है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को भेजे गए पत्र में खेल मंत्रालय ने कहा है, टीम स्पर्धाओं के लिए केवल उन्हीं खेलों को शामिल किया जाएगा जिन्होंने एशिया के भाग लेने वाले देशों के बीच पिछले एक साल में एक से आठवीं रैंकिंग तक हासिल की है। रैंकिंग में भारत एशिया में टॉप-8 के आसपास भी नहीं है। टीम इंडिया मौजूदा समय में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के तहत देशों में 18वें स्थान पर है।

## सोफिया स्मिथ के दो गोल से अमेरिका जीता, जापान, इंग्लैंड और डेनमार्क भी विजयी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोफिया स्मिथ के दो गोल (14 और 45+7वें मिनट) की मदद से मौजूदा विजेता अमेरिका ने शनिवार को महिला फुटबॉल विश्वकप में वियतनाम को 3-0 से हरा दिया। टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम अमेरिका खिताबी हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। वहीं, न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेले गए ग्रुप-सी के अन्य मुकाबले में जापान ने जांबिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी। ग्रुप-डी में इंग्लैंड और डेनमार्क ने भी जीत के साथ शुरुआत की। इंग्लैंड ने हैती को 1-0 और डेनमार्क ने चीन को 1-0 से हराया। अमेरिका के लिए मैच में तीसरा गोल लिंडसे होरन ने 77वें मिनट में दागा। अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। स्मिथ को साल की सर्वश्रेष्ठ अमेरिकी फुटबालर चुना गया था। अमेरिका की 14 खिलाड़ी पहली बार महिला विश्वकप में खेल रही हैं।

## अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर विद (3+2) शतरंज का सफल आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** मातृशक्ति शतरंज संघ जबलपुर के द्वारा सामुदायिक भवन, भरतीपुर जबलपुर में विद (3+2) शतरंज का सफल आयोजन किया गया इसमें शहर के 15 इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी एवं अन्य लगभग 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया उसका पुरुस्कार वितरण वरिष्ठ समाज सेवी श्याम लाल गर्ग के द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के चैम्पियन, वर्तमान के मध्य प्रदेश के चैम्पियन चैतन्य अवध प्रथम - 3000/-,द्वितीय वैभव नेमा 2000/- तृतीय कामद मिश्रा 1500/- चतुर्थ राजेन्द्र घोटे, 1000/- पाचवा सुबोध मेश्राम 800/- छटवा मंदाकिनी मिश्रा 700/- सातवां राजेन्द्र वंशकार 600/- आठवां दिनेश सराफ 500/- नवमा मान्विक वैद्य 400/- एवं दसवां लक्ष्मीकांत सेन 300/- रहे।बेस्ट अनरेटेड टेकचंद यादव 500/- बेस्ट महिला प्रतीक्षा पाण्डे 500/-बेस्ट वेट-ब्रजेश उपाध्याय 500/-प्रतियोगिता में अंडर-7 वर्ग में प्रथम संस्कार एवं प्रबल पाण्डेय अंडर-11 में दक्ष जैन सार्थक द्विवेदी एवं हरसिमरत कौर अंडर-13 में हितेश पंजवानी कृष्णा ठाकुर एवं प्रियांशी अंडर -15. में उत्योज सिंग खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किये गये एवं सभी खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया गयाप्रतियोगिता के अर्विटर चैतन्य अवय अत्कृर्ष अग्रवाल निश्चय शर्मा एवं बालगोविद पाण्डेय रहें। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के पूर्व चैम्पियन कैंडिडेट मास्टर मनोज मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही है। संचालक श्रीमति प्रकाश मिश्रा ने खिलाडियो को अंतराष्ट्रीय शतरंज दिवस की बधाई देते हुये उनके प्रदर्शन के लिये आभार व्यक्त किया।



## मैसी ने इंटर मियामी से अच्छी शुरआत कर पहले ही मैच में गोल दागा

**फ्लोरिडा (ईएमएस)।** स्टार फुटबॉल लियोनेल मैसी ने अमेरिकी में इंटर मियामी सीएफ क्लब की ओर से एमएलएस लीग में खेलते हुए फ्री किक पर गोल कर इतिहास रच दिया। मैसी के इस मुकाबले में उतरने का प्रशंसक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना की विश्वविजेता टीम कप्तान मैसी ने कहा कि उन्हें मामूम था कि इस मैच में उन्हें गोल करना ही होगा। मैसी के गोल से लीगा एमएक्स में इंटर मियामी सीएफ क्लब ने क्रूज़ अज़ुल के खिलाफ जीत हासिल की। इस मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। खेल में मेस के आने से लोगों में भारी उत्साह था। मैसी ने कहा, मुझे पता था कि मुझे स्कोर करना होगा, यह मैच का आखिरी मिनट था और मुझे स्कोर करना था, इसलिए हम पेनल्टी पर नहीं गए। वहीं इंटर मियामी सीएफ के सह-मालिक और पूर्व खिलाड़ी डेविड बेकहम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ये रात हमारे प्रशंसकों के लिए बहुत रोमांचक रही है। ये सभी लोग जो मैसी को मैदान पर कदम रखते हुए देखने के लिए यहां आए हैं, उन्होंने जो किया है उसे करने की तो बात ही छोड़िए। इस स्टेडियम में और इस देश में हर किसी के लिए मैसी को एमएलएस में कदम रखते और प्रदर्शन करते देखना एक सपना सच होने जैसा है,

# ओलंपिक में पदक जीतने वाले रवि दहिया ट्रायल में हारे, एशियाई खेलों में जाने का सपना टूटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई खेलों के ट्रायल में रविवार को एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ओलंपिक में रजत पदक जीत चुके दिग्गज पहलवान रवि दहिया का आगामी एशियाई खेलों में जाने का सपना टूट गया। रवि को 57 किग्रा भारवर्ग में आतिश टोडकर ने हरा दिया। आतिश ने शीर्ष भारतीय पहलवान को हराकर दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में हलचल मचा दी। रवि दहिया पिछले दिनों भारतीय कुश्ती संघ के निर्वासित अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और अन्य कोचों के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन में शामिल थे। अपने जबरदस्त कौशल और सहनशक्ति के लिए मशीन कहे जाने वाले दहिया को महाराष्ट्र के रहने वाले टोडकर से इस तरह के प्रतिरोध की उम्मीद नहीं होगी। रविवार को आतिश टोडकर ने कुछ शानदार और बेहतरीन चालों के साथ न केवल अंक बनाए गए।

### चोट के कारण इस साल प्रतिस्पर्धा में नहीं उतरे थे दहिया

रवि दहिया ने अपने दाहिने घुटने में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) और एमसीएल (मेडियल कोलैटरल लिगामेंट) की चोटों के बाद इस साल प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वह ट्रायल में जीत की उम्मीद के साथ उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### रवि अब तक एशियाई खेलों में नहीं जीत पाए हैं पदक

रवि ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक पर कब्जा किया था। 2019 विश्व चैंपियनशिप में उन्हें कांस्य पदक मिला था। वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण जीतने में सफल रहे थे। रवि अब तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पाए हैं। उनका यह सपना इस बार पूरा नहीं होगा।

## रंग संसार



# दिशा पाटनी से कम नहीं हैं उनकी फौजी बहन, खूबसूरती में करती हैं एक्ट्रेस को फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की सबसे फिट एक्ट्रेस का जिक्र जैसे ही आता है, हर किसी के दिमाग में दिशा पाटनी का नाम जरूर आता है। एक्ट्रेस अपनी फिटनेस और जबरदस्त डांसिंग स्किल से हर किसी को दीवाना बना लेती हैं। एक्ट्रेस के फिगर की तारीफें करते लोग नहीं थकते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिशा पाटनी एक बहन भी हैं, जो खूबसूरती के मामले में एक्ट्रेस से जरा भी कम नहीं हैं। दिशा की बहन उनकी तरह ही काफी फिट और हसीन हैं, जिन्हें देखने के बाद हर कोई कहेगा कि ये बॉलीवुड हसीनाओं को भी फेल कर रही हैं।

### आर्मी में हैं दिशा की बहन

दिशा पाटनी की बहन का नाम खुशबू पाटनी है। खुशबू, दिशा से उम्र में बड़ी हैं और उनकी तरह ही फिटनेस फ्रीक हैं। बड़ी बात ये है कि वो फिल्मी दुनिया का हिस्सा नहीं बल्कि भारतीय फौज का हिस्सा हैं। भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में देश की सेवा करने के लिए भर्ती हुई थी। फिलहाल अब वो प्रमोट हो चुकी हैं। खुशबू पाटनी और दिशा दोनों सिर्फ बहन ही नहीं बल्कि काफी अच्छी दोस्त भी हैं। दिशा की तरह ही खुशबू पाटनी भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती थीं और आए दिन अपने फिटनेस वीडियो पोस्ट करती रहती थी। वो दिशा के साथ भी कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट हटा दिया है।

### दिशा जैसा ही है बहन का स्टाइल

दिशा पाटनी की तरह ही उनकी बहन खुशबू पाटनी की तस्वीरें भी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। लोगों को दोनों बहनों के चेहरे काफी मिलते - जुलते लगते हैं। लोगों को दोनों का ड्रेसिंग स्टाइल भी एक जैसा ही लगता है।

### इन फिल्मों में आएंगी नजर

बात करें, दिशा की तो वो बीते दिनों अपने नए बॉयफ्रेंड और टाइगर श्रॉफ को लेकर चर्चा में बनी हुई थीं। हाल में एक्ट्रेस को एक्स बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ के साथ स्पॉट किया गया था। दिशा पाटनी के वर्कफ्रंट की बात करें तो साउथ सुपरस्टार सूर्या संग फिल्म सूर्या 42 में काम कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास करण जौहर की फिल्म योद्धा भी है। दिशा के साथ इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना भी नजर आएंगे। वैसे दिशा पाटनी आखिरी बार एक विलेन रिटर्न्स में दिखाई दी थीं। इस फिल्म में उनके साथ जॉन अब्राहम और अर्जुन कपूर लीड रोल में नजर आए थे।

# पूजा भट्ट को देख सनी लियोन को आई महेश भट्ट की याद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन ने सलमान खान के रियलिटी शो, बिग बॉस 5 से इंडस्ट्री में अपना सफर शुरु किया था. उन्होंने भारत में बिग बॉस में गेस्ट कंटेस्टेंट के रूप में अपनी पहली स्क्रीन प्रेजेंस के साथ सभी का ध्यान खींच लिया था. शो के दौरान, फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें उनकी बॉलीवुड की पहली फिल्म जिस्म 2 का ऑफर किया. हाल ही में एक इंटरव्यू में, सनी ने उस दिन को याद किया जब भट्ट ने उन्हें फिल्म का ऑफर किया था. उन्होंने यह भी कहा कि महेश भट्ट की बेटी पूजा भट्ट के बिग बॉस में आने से जिंदगी एक फुल सर्कल में आ गई है. आपको बता दें कि, मीडिया के साछ हुए एक इंटरव्यू के दौरान, सनी ने



बिग बॉस 5 को लेने के पीछे की असली वजह का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि वह अलग-अलग कारणों से शो में प्रतियोगी के रूप में नहीं जाना चाहती थीं. उनकी बॉयोग्राफी वेब सीरीज करनजीत कौर÷द अनटोल्ड स्टोरी में कहा गया था कि उन्हें विजेता पुरस्कार से अधिक पैसे की पेशकश की गई थी. इसे साफ करते हुए, सनी ने कहा, मुझे नहीं पता कि बिग बॉस विजेता क्या बनाता है. उन्होंने उस साल क्या बनाया था? मुझे नहीं पता. मुझे भुगतान मिला. मैं पहले कई अलग-अलग कारणों से (बिग बॉस 5 में एक प्रतियोगी के रूप में) नहीं जाना चाहती थी. सबसे पहले सुरक्षा थी और यह नहीं पता था कि जब मैं वहां पहुंचूंगी तो लोग कैसे रिएक्शन देंगे. मेरे दिमाग में, मैं सोच रही था, ठीक है, यह घर पर एक डाउन पेमेंट है. क्योंकि मैंने इसे भविष्य के रूप में नहीं देखा. मैंने हाल ही में शादी की है इसलिए मैं जीवन की एक नई शुरुआत की उम्मीद कर रही थी. इसलिए हमने सोचा कि हम घर के लिए एडवांस पेमेंट कर देंगे. और बस इतना ही. यह इतना आसान था. एक्ट्रेस ने आगे कहा, जब महेश भट्ट ने उन्हें फिल्म की पेशकश की तो उन्हें नहीं लगा कि यह सच है. उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि महेश भट्ट कौन हैं. उन्होंने आगे कहा, उन्होंने बस इतना कहा कि यह फिल्म इंडस्ट्री से हैं और बाकी सभी लोग घर में केले खा रहे थे. हे भगवान, यह व्यक्ति घर में आ रहा है, यह चर्चा हो रही थी. मुझे नहीं पता कि वह कौन है. मेरा मतलब है कि वह सच में अद्भुत है, मुझे बाद में एहसास हुआ. सनी ने यह भी कहा कि यह पागलपन है कि महेश की बेटी पूजा भट्ट, जिन्होंने जिस्म 2 का निर्देशन किया था, अब बिग बॉस ओटीटी 2 में एक कंटेसंटेट हैं. उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है कि जीवन कैसे एक पूरे सर्कल में आ गया है. सनी और पूजा को बिग बॉस ओटीटी 2 प्रीमियर में स्टेज शेयर करते देखा गया था।

# अरशद वारसी के इंडस्ट्री में 30 साल पूरे, 'सर्किट' के बारे में कही यह बात, सूर्या की 'कंगुवा' का टीजर जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्टर अरशद वारसी को हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल पूरे हो गए। अब तक के तीन दशक के करिअर में अरशद ने कई दमदार रोल किए हैं, फिर भी सबसे ज्यादा शौहरत उन्हें साल 2003 में आई फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में सर्किट के किरदार से मिली। राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में दर्शकों ने संजय दत्त और अरशद की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया था। अरशद ने एक न्यूज पोर्टल से बातचीत के दौरान इस रोल के बारे में बात की। अरशद ने कहा कि फिल्म में मेरा किरदार काफी बेवकूफी भरा था। अगर फिल्म नहीं होती तो किरदार किसी काम का नहीं था। इस फिल्म के बाद लोग मुझे मेरे असली नाम से नहीं, बल्कि फिल्म के किरदार 'सर्किट' के नाम से जानने लगे। यही मेरी पहचान बन गया। अरशद ने लद्दाख ट्रिप को भी याद करते हुए कहा कि मैंने बाइकिंग गियर और हेलमेट पहन रखा था। मैंने सड़क पर एक व्यक्ति को देखा जिसकी बाइक खराब हो गई थी। मैंने उसे लिफ्ट दी। मैंने जब हेलमेट उतारा तो एक शख्स मेरे पास आया और कहा कि मेरी शक्ल अरशद वारसी से मिलती है और मुझे उनकी मिमिक्री करनी चाहिए। अरशद हाल ही में 'असुर 2' में नजर आए थे। अरशद ने मुख्य रूप से कॉमिक रोल किए हैं। साउथ के सिंघम माने जाने वाले प्रतिभाशाली एक्टर सूर्या आज रविवार (23 जुलाई) को अपना 48वां जन्मदिन मनाया । नेशनल अवार्ड विनर सूर्या ने इस मौके पर फैंस को एक तोहफा दिया है। सूर्या ने मच अवेटेड फिल्म कंगुवा की पहली झलक दिखाई है। कई यूजर्स तो टीजर में उन्हें पहचान भी नहीं पा रहे हैं। यह उनकी 42वीं फिल्म है। सूर्या ने ट्विटर अकाउंट पर



वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में अलग-अलग भाषाओं में लिखा, क्या बात है। उन्होंने वीडियो का लिंक भी डाला है। फैंस फायर इमोजी से रिएक्शन दे रहे हैं। उनके रोंगटे खड़े हो गए। वीडियो में सूर्या एक शक्तिशाली और क्रूर योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं, जो एक मिशन पर है। सूर्या शुरुआत में एक बैल की खोपड़ी से चेहरा ढंकते हुए और फिर बड़े टाइगर नेल नेकपीस, आकर्षक चांदी के सामान, देहाती वेशभूषा और शरीर पर बहुत सारे टैटू के साथ लंबे, गूंथे हुए बालों में दिखे। यह वीडियो 2.22 मिनट लंबा है। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु सहित कई भाषाओ में रिलीज करने की तैयारी है। एक्ट्रेस दिशा पटानी कंगुवा से तमिल सिनेमा में डेब्यू करेंगी।

moviemagic
#Magically Refreshed
MISSION IMPOSSIBLE
2D
English 9:45 AM 7:15 PM 10:15 PM
Hindi 1 PM 4 PM
72 HOORAIN
3 PM
SATYAPREM KI KATHA
10 AM 12:45 PM 3:30 PM
6:15 PM 9 PM
1920 HORRORS OF THE HEART
10:15 AM 5 PM
10 PM
ZARA HATKE ZATA BACHKE
12:30 PM
CARRY ON JATTA 3
Punjabi
7:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call For Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
Adipurush 3D: 09:00 AM, 12:20 PM, 06:30 PM, 10:00 PM
Adipurush 2D: 09:30 AM, 01:00 PM, 07:00 PM, 10:15 PM
The Flash 2D: 03:40 PM
Zara Hatke Zara Bachke: 04:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

# प्रधान आरक्षक की आत्महत्या से मोहकमे में हड़कंप

## दबी जुबान से सभी बोल रहे- अधिकारियों ने ले ली हेड कांस्टेबल की जान, जबलपुर जिले के डीएसपी स्तर से जांच कराए जाने की मांग

**कटनी/उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान थाना के पुलिस आवास में निवासरत कुठला थाने के एक प्रधान आरक्षक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने से उमरियापान पुलिस सहित पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जैसे ही घटना की जानकारी नगरवासियों को लगी मौके पर भारी संख्या लोग एकत्रित होने लगे साथ ही मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। जानकारी के अनुसार 57 वर्षीय प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र शुक्ला उमरियापान थाना में बने पुलिस आवास बीते कई वर्षों से परिवार सहित निवासरत थे और वर्तमान में जिले के कुठला थाना में पद पदस्थ थे। परिजनों ने बताया की शनिवार को माधवनगर क्षेत्र में रहने वाले सगे साले के बेटे के जन्मदिन में पत्नी और तीनों बच्चे शामिल होने पहुंचे थे जबकि सत्येन्द्र शुक्ला कुठला थाने में ड्यूटी करने चले गए थे। ड्यूटी पूरी करने के बाद सत्येन्द्र शुक्ला शाम को वापस उमरियापान आ गए थे और रोजाना की खाना पीना खाकर सो गए थे। सुबह परिजनों ने फोन लगाया तो सरकारी नंबर बंद बता रहा था जबकि दूसरे नंबर पर घंटी तो जा रही थी लेकिन फोन नहीं उठ रहा। चिंतित परिजन उमरियापान पहुंचे और सबसे पहले बेटा घर पहुंचा और देखा तो अंदर से भी मुख्य दरवाजा बंद था। जिसके बाद बाजू में किचिन वाले दरवाजे के ऊपर बनी खिड़की से देखा तो पिता फांसी के फंदे में झूल रहे थे। घटना की जानकारी लगते ही पूरे थाना परिसर में सनसनी फैल गई। तत्काल मौके एसडीओपी मोनिका तिवारी उमरियापान पहुंची। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे पर उतारकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और शव परीक्षण के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए कल शाम को ही सौंप दिया। अंतिम संस्कार में उमरियापान और कुठला थाना प्रभारी सहित पूरा स्टाफएवं नात रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल रहे। उधर कुछ पुलिस कर्मियों ने जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा का ध्यान घटना की ओर आकर्षित कराते हुए जबलपुर जिले के किसी डीएसपी स्तर के अधिकारी से मामले की जांच कराए जाने की मांग भी की है।





### एसआई नासिर हुसैन की सोशल मीडिया में की गई पोस्ट

हेड कांस्टेबल सत्येंद्र शुक्ला को मै करीब 25 वर्ष से जानता हूं, वह थाना बहोरीबंद मे तथा वर्ष 2021 मे पुलिस चौकी निवार में मेरे साथ रह चुका है। उससे मैं व्यक्तिगत रूप से परिचित था, लगभग एक डेढ़ माह पहले मिला था। तब अपने ट्रांसफर को लेकर तथा थाना प्रभारी द्वारा परेशान करने की बात बता रहा था, इसी कारण से काफी डिप्रेशन मे रहता था। उसे पद के मुताबिक काम नहीं आता था। जिससे थाना प्रभारी काफी प्रेसर देते थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपनी परेशानी बताने कई बार पेश हुआ परंतु किसी ने उसकी परेशानी नहीं सुनी। बच्चियों के शादी विवाह को लेकर वह चाहता था कि कोई देहात थाना स्लीमनाबाद डिवीजन का मिल जाये, जिससे बच्चियों के रिश्ते तलाश कर सकूं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। वर्तमान में थाना प्रभारी द्वारा अधिक परेशान करना बता रहा था। संभवतः इसी कारण उसने आत्महत्या किया है, प्रधान आरक्षक सतेंद्र शुक्ला एक सीधा सादा व्यक्ति था।

### सामने आ रही अधिकारियों की प्रताड़ना

नाम न छापने की शर्त पर पुलिस विभाग के ही कई अधिकारी व कर्मचारियों ने बताया कि प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र शुक्ला कुठला थाने में पोस्टिंग होने के बाद से प्रताड़ित था। उसने आईजी व एसपी के समक्ष पेश होकर अपनी वृद्धावस्था व पारिवारिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए तबादला करने भी बोला था। उधर वृद्धावस्था व सेवानिवृत्ति नजदीक होने के बावजूद उससे पिछले 6 माह नाइट डयूटी कराई जा रही थी। कुल मिलाकर अधिकारियों से इतनी प्रताड़ना मिली कि उसने आत्महत्या का मन बना लिया और शनिवार व रविवार की दरम्यानीरात उसने यह आत्मघाती कदम भी उठा लिया।

# गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

## मायकेपक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाए हत्या के आरोप, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी



**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम झलवारा में एक नवविवाहिता गर्भवती की मौत हो गई। मायके वालों ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। नायब तहसीलदार हेमांगप्रिया श्रीवास्तव व एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे की उपस्थिति में पीएम की कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झलवारा निवासी 27 वर्षीय प्रियंका पति नीरज दुबे को शनिवार की रात प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान जच्चा.-बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि ससुर बद्री प्रसाद द्वारा ही महिला का उपचार किया जाता था। तिगनी शाहनगर निवासी प्रियंका की मां ममता उपाध्याय ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पहले 30 फ़रवरी को बेटी का विवाह नीरज दुबे के साथ हुआ था। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाह के बाद से पैसे से प्राइवेट शिक्षक दामाद व ससुराल वाले दहेज की मांग करते थे। घरेलू सामान मंगाते थे और आए दिन बेटी को प्रताड़ति करते थे। बेटी की मौत के बाद से मोबाइल भी गायब है। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि बेटी की घर पर ही मौत हो गई थी। शरीर में मारपीट के भी निशान है। इस मामले में पुलिस से निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने मांग की है।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

## डायल 100

# जाना था जापान पहुंच गए चीन

खाकी



आशीष शुक्ला

अपनी दमदारी और अपनी पोस्टिंग में ढींगे भरने वाले अनेक थाना कप्तान इस समय बगले झांकते हुए दिख रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ने बिना आवाज का ऐसा हंटर चलाया है कि क्या करें....क्या ना करें? समझ के बाहर है। तबादला सूची ने चारों खाने चित्त कर दिया है। 4-4 जिलों के ऑप्शन मांगे थे पर आला अफसरों को जाना था जापान पहुंच गए चीन...इस तबादला सूची में अब गणित लगाए जा रहे हैं कि तबादला ऐसी जगह मिल जाए, जहां परिवार दूर ना जाए। अब गणित फिट होता है कि नहीं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दो लोग बतिया रहे थे कि एक वरिष्ठ अधिकारी जिन निरीक्षकों से खुश थे वे तो पहुंच गए मनमाफिक जगह और जो निरीक्षक वरिष्ठ अधिकारी की ओर ध्यान नहीं देते थे उनको काफी लंबा फेंक दिया गया।

### ,,,,ना,ना, ना....वहां नहीं जाना....खौफ

शहर का वह थाना जो कभी जमीन से दो फीट नीचे था, वहां जाने के लिए सिपाही-हवलदारों में होड़ मची रहती थी। पुराना लोहा लंगड़ इसी क्षेत्र में खरीदा और बेचा जाता था। इस थाने में पुलिस किसी भी तरह से ट्रांसफर कराने आमादा रहती थी। यहां वर्तमान थाना मुखिया की कार्यप्रणाली से कोई पुलिसकर्मी वहां जाना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि स्थानांतरण कराने अप्रोच लगा रहे हैं। कारण जो भी हो लेकिन विभाग में इस बात की चर्चा है कि आखिर क्या हो गया कि लोग इस थाना में जाना ही नहीं चाह रहे।

### वाह री पुलिस दिया तले अंधेरा,,,,

पुलिस भी अबूझ पहेली है बड़े, बड़े जोधाओं चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो पुलिस के सूचनातंत्र से बहुत चमकता है। ऐसा भी हो जाता है कि चौकन्नी पुलिस हिट-विकेट हो जाती है। मामला है शहर के हृदयस्थल के समीप के थाने का । पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाई । वारंटी को जेल भेज दिया। वारंटी के घर वाले परेशान कि मोड़ा कहां लापता है। एक दो दिन नहीं मिला तो परेशान परिजन पहुंच गए। गुमशु?दगी रिपोर्ट दर्ज हो गई । गुमशुदगी की तालाश भी जारी हो गई।खैर पैरों तल पुलिस की जमीन उस वक्त खिसक गई जिस पर गुमशुदगी दर्ज की थी वह तो जेल चला गया तो ये है पुलिस का हाल..।

जीवन को समरस, सुसम्पन एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबंद्ध
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)
आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित
अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला
स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था
सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी
नई बस्ती कटनी (म.प्र.)
कक्षा अरूण से द्वादश तक
दूरभाष -07622- 409413, 409975
धन्य कुमार गांधी अध्यक्ष | चंद्र प्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक | पुरूषोत्तम माली प्राचार्य

आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है। वेतनमान 10,000/- संपर्क मो. 9425465227

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92% ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

सावित्री विद्यापीठ
SVP E.M.H.S. School
अंग्रेजी माध्यम, हायर सेकेण्डरी स्कूल, नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
21 वर्षों का विद्यालय संचालन अनुभव
जल्दी कीजिये सीमित आवेदन
Website: www.savitrividyapeeth.com
Instagram: svpschoolkatni
facebook - savitrividyapeeth
आवश्यकता है
PTI खेल प्रशिक्षक संगीत शिक्षक व एकाउंट्स टीचर
पन्ना तिराहा कुठला, कटनी Mo. 9753272015, 8770603379

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
We are HIRING
1. PRT - English: Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT, PRT - Hindi: Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT, PRT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed., TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed., TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed., PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL) COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING:
Free Accommodation, Free Meals During Term Time, Medical Insurance, Personal Accident Policy, Exemption of fee to the wards of teaching staff, PF as per government rules, Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on:
ppl@synainternational.edu.in whatsapp at +91 99775 83555

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40% ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी


अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892, E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

शिकागो पब्लिक स्कूल
CHICAGO PUBLIC SCHOOL KATNI
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

Join the BEST
अपने बच्चों का भविष्य स्वयं सुधारिये.....
in EDUCATION in ATMOSPHERE in DISCIPLINE
in GAMES & Overall
KIRAN NATIONAL PUBLIC SCHOOL
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
NURSERY, KG-I, KG-II, CLASS 1st TO 8th ENGLISH MEDIUM
मोहन नगर दुर्गा मंदिर के पास, कैलवारा रोड, कटनी (म.प्र.) मो. 9977500636

JAIN GROUP OF INSTITUTIONS
2023 Session Start
SCHOOL ADMISSION New open for Entry
Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124
JAIN NURSERY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC. SCHOOL
Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th
ART SCIENCE COMMERCE
MATHS & BIO GROUP
SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Survelliance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellente Teachers with Good Communication Skills
प्रकाश जैन
वर्षा जैन, प्राचार्य
Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar, katni (m.p.)
Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com


SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स, जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं. 1 योजना क्रं.6 नगर सुधार नियास कॉलोनी महराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी *, संपादक अम्बरीष तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)